हरिभूमि बिलासपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

बिलासपुर भूमि



## हाई अलर्ट

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अगले 24 घंटों में बिलासपुर और मुंगेली के कुछ इलाकों में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने लोगों से सतर्क व सुरक्षित रहने की अपील की है। इस आशय का अलर्ट सभी लोगों के मोबाइल में जारी किया गया है।



# बारिश से बेहाल बिलासपुर

1100 करोड़ खर्च कर शहर को स्मार्ट बनाने के दावे की पोल पहली बारिश में ही खुल गई। जिस शहर को आधुनिक ड्रेनेज, बेहतर जल निकासी और विश्वस्तरीय शहरी सुविधाओं का मॉडल बताया गया, वही बिलासपुर कुछ घंटों की बारिश में तालाब में बदल गया। निचली बस्तियां जलमग्न हो गईं, घरों में घुटनों तक पानी भर गया, सड़कें नदियों की तरह बहने लगीं और कई ट्रांसफार्मर पानी से घिर जाने के कारण लोगों में करंट का भय बना रहा। पिछले 36 घंटो से हो रही बारिश ने एक तरह से जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। घरों में गंदा पानी घुस गया तो कुर्सी, बर्तन तक डूब गए। 4 हजार से अधिक प्रभावित लोगों को राहत कैंपों में रखा गया। खाने के पैकेट बांटे गए। कई जगहों पर बाउंड्री और दिवार तोड़कर पानी निकासी की गई। स्कूलों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी। कलेक्टर, कमिश्नर से लेकर बड़े अधिकारियों और नेताओं के बंगले में भी पानी भरा।

**निचली बस्तियां जलमग्न हो गईं, रिहायशी इलाकों के घरों में भी पानी घुसा, कुर्सी, बर्तन तक डूब गए, 4 हजार से अधिक प्रभावित लोगों को राहत कैंपों में रखा गया, स्कूलों की छुट्टी की गई, ट्रेनें रद्द करनी पड़ीं**



बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे।



विनोबानगर



दयालबंद



गुरुनानक चौक



मंगला

## स्मार्ट सिटी के नाम पर 1100 करोड़ खर्च, फिर भी पूरे शहर में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरुवार की आधी रात आसमान से बरसना शुरू हुआ पानी शुक्रवार की शाम तक शहरी जलप्रलय में बदल गया। कुछ घंटों की मूसलाधार बारिश ने बिलासपुर को ऐसा डुबोया कि सड़कें नालों में बदल गईं, कॉलोनियां तालाब बन गईं और निचले इलाकों के घरों में पानी के साथ बर्तन, फर्नीचर और घरेलू सामान तैरते नजर आए। सुबह लोगों की नींद बारिश की आवाज से नहीं, बल्कि घरों में घुसते पानी से खुली। बारिश इतनी तेज थी कि शहर का बड़ा हिस्सा जलभराव, जाम और बिजली संकट से जूझता रहा। हालात ऐसे बने कि स्कूलों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी, सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद कम रही और आम जनजीवन घंटों तक ठप पड़ा रहा।

### अरपा किनारे की बस्तियों में घुसा पानी

बिलासपुर में 30 साल में पहली बार बाढ़ के हालात बने हैं और मूसलाधार बारिश ने बिलासपुर में हालात बिगाड़ दिया हैं। 1993-94 के बाद सबसे भीषण बारिश का असर देखने को मिला। रात 11 बजे से जारी तेज बारिश के बीच अरपा चेक डैम की नहर मानिकपुर के पास टूट गई, जिससे पानी तेजी से देवरीखुर्द, मानिकपुर समेत आसपास के इलाकों में घुस गया। कई घर जलमग्न हो गए हैं और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नहर टूटने से लोगों में दहशत का माहौल रहा। दोमुहानी में 10 से ज्यादा घर टापू बन गए। जिससे रातभर पानी में परिवार फंसे रहे।

### करोड़ों खर्च के बाद भी ड्रेनेज सिस्टम ने दिया जवाब

बारिश थमने के बाद भी शहर के कई हिस्सों में घंटों पानी जमा रहा, जिससे साफ संकेत मिला कि केवल बारिश नहीं, बल्कि जल निकासी व्यवस्था भी गंभीर चुनौती बनी हुई है। गौरतलब है कि बारिश के दिनों में शहर में 23 से अधिक स्थानों पर जल भराव की नौबत हर साल आती है। ऐसा नगर निगम का स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग भी मानता है। विभाग के प्रतिवेदन में किलावार्ड, केंवटपारा, डोंगाघाट से लेकर तालापारा, मगरपारा, विद्यानगर, पुराना बस स्टैंड, तोरवा, जोरापारा, कपिलनगर सिम्स के पास, लूथरा टिंबर के पास, बंधवापारा सरकंडा, गंगानगर, ओमनगर आदि जल भराव वाले स्थानों में चिन्हित हैं। इनमें से पिछले साल 8 जगहों पर नाला निर्माण की योजना बनाई गई थी। इस पर 14 करोड़ 22 हजार रुपए खर्च किए गए थे।

### प्रभावित परिवारों तक पहुंचाया गया भोजन

भारी वर्षा के कारण जिन परिवारों के घरों में भोजन बनाना संभव नहीं था, उनकी परेशानी को देखते हुए नगर निगम ने तत्काल राहत पहुंचाई। निगम की टीमों द्वारा विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 1700 फूड पैकेट वितरित किए गए, जिससे प्रभावित परिवारों को समय पर भोजन उपलब्ध कराया जा सका। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे स्वयं बारिश के बीच छाता लेकर विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करते रहे। साथ में एसएसपी रजनेश सिंह और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट दीपांशु श्रीवास्तव भी रहे।

### बोट एवं ट्रैक्टर की सहायता से रेस्क्यू अभियान

नगर निगम की टीमों ने जेसीबी, जेट सक्शन, पंपिंग मशीनों एवं अन्य संसाधनों की सहायता से जल निकासी का कार्य पूरे दिन लगातार जारी रखा। जहां-जहां पानी भरने से आवागमन बाधित हुआ था, वहां तत्काल निकासी मार्ग बनाया गया। जिन क्षेत्रों में पानी का स्तर अधिक होने के कारण लोग अपने घरों में फंस गए थे, वहां एसडीआरएफ नगर निगम की टीमों ने बोट एवं ट्रैक्टर की सहायता से रेस्क्यू अभियान चलाया। सैकड़ों नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। रेस्क्यू किए गए लोगों को सामुदायिक भवनों, शासकीय विद्यालयों एवं अन्य सुरक्षित स्थलों पर ठहराने के साथ उनके भोजन, पेयजल और सुविधाओं की व्यवस्था की गई। मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं जलभराव वाले इलाकों में कचरा हटाने, नालियों एवं नालों की सफाई, अवरुद्ध जल निकासी मार्गों को खोलने तथा पानी उतरते ही तत्काल सफाई कार्य प्रारंभ किया गया।

### शहर का अधिकांश हिस्सा डूबा रहा

यह सिर्फ बारिश नहीं थी, बल्कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम, नालों की सफाई और नगर निगम की तैयारियों की सबसे बड़ी परीक्षा थी, जिसमें व्यवस्था पहली ही तेज बारिश में लड़खड़ाती नजर आई। बंधवापारा, जरहाभाठा से लेकर दयालबंद, सकरी, सिरगिट्टी और तिफरा के कई घरों में खाना नहीं बना। लोग निगम और प्रशासन को कोसते रहे। सरकंडा, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा और पुराना बस स्टैंड जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति रही। इसके साथ ही हंसा विहार, मित्र विहार कालोनी ,श्रीकांत वर्मा मार्ग, बस स्टैंड, विद्यानगर, मिनीमाता चौक, भारतीय नगर रोड, ओमनगर में पानी भर गया। यहां के रहवासियों को आने-जाने में परेशानी हुई और घरों में कैद होकर रहना पड़ा। सरकंडा स्थित सात बहनिया मंदिर क्षेत्र, व्यापार विहार, मंगला और शहर की अनेक कॉलोनियों व मोहल्लों में सड़कों और गलियों पर कई फीट तक पानी भर गया।

### बाल्टियों और मोटर पंप से पानी निकालते रहे

अधिकांश हिस्सो में कई स्थानों पर कारें और बाइक आधी पानी में डूबी दिखाई दीं, जबकि कुछ कॉलोनियों में वाहन पानी के बहाव में तैरते नजर आए। लोगों को घरों से निकलने के लिए घुटनों तक पानी पार करना पड़ा। कई घरों में पानी घुसने से बर्तन, कपड़े, फर्नीचर और जरूरी घरेलू सामान पानी में तैरते रहे। लोग बाल्टियों और मोटर पंप से पानी निकालते रहे, लेकिन बारिश की रफ्तार के सामने उनकी कोशिशें नाकाफी साबित हुईं। बारिश ने सरकारी भवनों की हालत भी उजागर कर दी। कंपोजिट बिल्डिंग सहित कई पुराने सरकारी भवनों में सीपेज बढ़ गया। कई जगह छतों से पानी टपकता रहा और कार्यालयों में फाइलों को सुरक्षित रखने की मशक्कत करनी पड़ी।

### राहत व बचाव के दिए निर्देश

लगातार बारिश को देखते हुए निचले इलाकों के लोगों से सतर्क रहने और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की गई है। राहत एवं बचाव के निर्देश दिए गए हैं। कच्चे मकान क्षतिग्रस्त होने पर आरबीसी 6(4) के तहत तत्काल केस बनाकर राहत दिलाने कहा गया है।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

## एक दशक का टूटा रिकार्ड, 36 घंटे में बरसा 41 सेमी पानी

### 10 साल में पहली बार 24 घंटे में 28 सेमी दर्ज की गई वर्षा

जून से रूठा मानसून जुलाई के दूसरे पखवाड़े में ऐसा उमड़ा, कि पिछले 10 साल का रिकार्ड 36 घंटे में टूट गया। गुरुवार की रात 10 बजकर 40 मिनट से शुक्रवार की दोपहर दो बजे तक लगातार एक ही रफ्तार से हुई बारिश से पूरा इलाका सराबोर हो गया। शहर और आसपास के इलाके में पिछले 36 घंटे में 41 सेंटीमीटर और 24 घंटे में 28 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, पिछले 10 साल में एक ही दिन में इतनी अधिक बारिश नहीं हुई थी। शुक्रवार की दोपहर 2.30 बजे से बारिश थम गई और लोगों ने राहत सांस ली।

गुरुवार की दोपहर से आसमान पर घने काले बादल छाए थे, इससे यह महसूस हो रहा था कि झमाझम बारिश होने वाली है, शाम से हल्की बारिश शुरू भी हो गई थी, परन्तु तेज बारिश रात 10 बजकर 40 मिनट से शुरू हुई। लोगों को कुछ देर में बारिश थमने की उम्मीद थी, परन्तु ऐसा नहीं हुआ, पूरी रात झमाझम बारिश होती ही रही, यहां तक कि लोगों की सुबह भी बारिश के साथ हुई। शुक्रवार की सुबह से दोपहर तक कभी धीमी और कभी तेज बारिश का सिलसिला चलता ही रहा। इस दौरान बादल गरजते रहे और बिजली भी चमकती रही। आषाढ़ के मध्य में अतिविष्टी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली लेकिन लोगों के घरों में जलभराव होने से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, इस दौरान कई घरों के बर्तन बाढ़ के पानी में तैरते रहे और लोग अपने घरों में दुबके रहे। बताया जा रहा है कि इस दौरान नगर निगम, एसडीआरएफ और पुलिस को परेशान उठानी पड़ी है।

### 3 दिनों तक भारी बारिश के संकेत

मौसम विभाग के अनुसार गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड, उड़ीसा के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसके चलते भारी बारिश की संभावना है। यह स्थिति 3 दिनों तक रह सकती है। वहीं एक द्रोणिका किमी की ऊंचाई पर बन चुकी है। जिससे मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। खास बात यह रही है कि पिछले 24 घंटें में पारा 32 डिग्री से सीधे 26 डिग्री पर जा पहुंचा है।



बंधवापारा में निकला मगरमच्छ



गौरवपथ



राजीव गांधी चौक



रेलवे क्षेत्र



श्रीकांत वर्मा मार्ग

## खबर संक्षेप

### साझा संकलन पुस्तक का विमोचन आज

**बिलासपुर।** होटल ग्रांड अर्जुन तिफरा में 18 जुलाई को एबीकेएमएस फाउंडेशन के 5 वें स्थापना दिवस पर देश प्रेम से ओतप्रोत साझा संकलन वतन के वास्ते जीना, वतन के वास्ते मरना, पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। मुख्य अतिथि ओपन विवि के कुलपति डॉ वीरेंद्र कुमार सारस्वत, अध्यक्षता डॉ विनय कुमार पाठक करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि पूर्व न्याय मूर्ति चन्द्र भूषण वाजपेयी, डॉ रमेश चंद्र श्रीवास्तव, स्मृति जैन, डॉ एस के निराला होंगे। इस पुस्तक को भूपेंद्र श्रीवास्तव, डॉ प्रीति प्रसाद, आरती अंबष्ट द्वारा लयबद्ध किया गया है। इस पुस्तक मे देश के युवा, किसानो महिलाओं, सैनिकों और गरीबों को समर्पित किया गया साथ, इस पुस्तक में लगभग 12 राज्यों के 70 साहित्यकारों, कवियों और लेखकों ने अपनी रचनाए दी है। भूपेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर सम्माननीय साहित्यकारो और कवियों का सम्मान किया जाएगा। साथ में कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा।

### सीएमएचओ कार्यालय जलमग्न फाइलें और कम्प्यूटर डूबे

**बिलासपुर।** नूतन चौक स्थित स्वास्थ्य विभाग का सीएमएचओ कार्यालय भी बारिश से अछुता नहीं रहा, तेज बारिश व बंधवापारा में आई बाढ़ के कारण कार्यालय पूरी तरह से डूबा रहा, सुबह 9 बजे पहुंचे कर्मचारी ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। सुबह 10 बजे पहुंचे अधिकारियों ने यहां का नजारा देख उल्टे पाव ही वापस हो गए। बताया जा रहा है कि कार्यालय के गेट पर लगा ताला भी पानी में डूबा रहा। भारी बारिश के बीच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी घर पर रहकर काम करते रहे।

### लायन्स क्लब संगम ने किया फूड पैकेट वितरित




**बिलासपुर।** 17 जुलाई को लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण बिलासपुर शहर के अनेक क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय बंधवापारा सरकंडा में भयंकर प्रभावित परिवारों के बीच लायन्स क्लब बिलासपुर संगम द्वारा राहत सेवा के अंतर्गत लगभग 450 लोगों को फूड पैकेट वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में लायन्स क्लब बिलासपुर संगम की अध्यक्ष अश्विनी यादव, रितेश मोदी, सुरेश यादव, योगेंद्र बंजारे, अन्नपूर्णा ध्रुव, स्वाति नागदौने, चंद्रकला पैकरा, उज्वल बंदोपाध्याय, प्रिया बनर्जी, सुमन वर्मा, वार्ड पार्षद श्याम साहू का विशेष सहयोग रहा। प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में लायन्स क्लब परिवार सदैव समाज के साथ खड़ा है और जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रासेयो ने बंटवाया भोजन पैकेट



**बिलासपुर।** तेज बारिश के बीच गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा भोजन का पैकेट बंटवाया गया। कल से तेज बारिश हो रही है और कई घरों में पानी घूस गया है। सड़कें जाम हो गई है तथा बिजली, पानी सब बाधित है। ऐसी स्थिति में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर यूनिवर्सिटी परिसर, कोनी के आसपास निवासरत जरूरतमंद परिवारों में भोजन के पैकेट सब्जी व पुड़ी का वितरण किया गया। कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के मार्गदर्शन में भोजन पैकेट वितरण अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रमेश कुमार गोहे, डॉ. विनोद कुमार विश्वकर्मा सहित स्वयंसेवकों में मनीष कुमार, अर्जुन मुखी, आकांक्षा वर्मा, सूरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बारिश में फंसे लोगों की सहायता की



**बिलासपुर।** आज बिलासपुर नगर में हुई भीषण बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक स्वयंसेवक जनों ने नगर के विविध मुहल्ले, कॉलोनी,बस्ती, मुख्य मार्ग में बारिश में फंसे लोगों को सहयोग किया, नागरिकों ने इस सहयोग हेतु स्वयंसेवक जनों की सराहना की।

### रौशन बने भाजयुमो मुंगेली जिला सह-प्रभारी

**बिलासपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ ने संगठन को सशक्त बिलासपुर के युवा नेता रौशन सिंह को भाजयुमो मुंगेली जिला का सह-प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन में लंबे समय से सक्रियता,निष्ठा और अनुशासित कार्य शैली के चलते मिली इस जिम्मेदारी से युवाओं में उत्साह का माहौल है। वे लंबे समय से भाजपा और भाजयुमो में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। चुनावी अभियानों से लेकर संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक से लेकर धार्मिक कार्यों सहित हर मोर्चे पर जिम्मेदारी के साथ कार्य किया है। वे विधायक अमर अग्रवाल के करीबी समर्थक हैं। धार्मिक,सामाजिक, राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रियता के कारण हर वर्ग के लोग उन्हें पसंद करते हैं। रौशन सिंह की यह भूमिका मुंगेली सहित पूरे बिलासपुर संभाग में संगठन को नहीं ऊर्जा देगी। अपनी नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, नगर विधायक अमर अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के विश्वास पर खरा उतरते हुए युवाओं के बीच पार्टी की विचारधारा और सरकार की नीतियों को मजबूती से पहुंचाने का काम करेंगे। भाजपा युवाओं को केवल मंच ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी सौंप रही है।



### जेपी वर्मा कालेज के स्थान पर जीडीसी में हुई परीक्षा

# बारिश से कालेज बना तालाब, एकाएक बदलना पड़ा सेमेस्टर एग्जाम का सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ सुबह की पाली में परीक्षा को लेकर मची अफरा-तफरी

लगातार हुई भारी बारिश की वजह से अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा भी प्रभावित हुई है। यहां तक बारिश के चलते शासकीय जेपी वर्मा जरहाभाठा कालेज परिसर पूरी तरह जलमग्न होकर तालाब सा बन गया, जिसके चलते शुक्रवार को वहां अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में परीक्षा सेंटर बदला गया तब जाकर जेपी वर्मा कालेज के परीक्षार्थी गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज परीक्षा दिलाए।

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में इन दिनों सेमेस्टर एग्जाम चल रहा है। शुक्रवार को 42 परीक्षा सेंटरों में परीक्षा थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत चौथे सेमेस्टर की प्रथम पाली सुबह 7 बजे से 10 बजे में हिन्दी लिटरेचर, संस्कृत लिटरेचर व गणित विषय की परीक्षा थी। बरसते पानी के बीच परीक्षा के पहले जब कालेज स्टाफ सहित परीक्षार्थी कालेज पहुंचे तो कालेज का नजारा देखकर दंग रह गए। कालेज परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया था और किसी तालाब की तरह दिखाई दे रहा था। कालेज में करीब घुटनेभर तक पानी भरा हुआ था और परिसर भीतर क्लास रूम, आफिस सभी जगह पानी घूस गया था। केन्द्राध्यक्ष सहित कालेज के प्राचार्य एवं अन्य स्टाफ को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि ऐसे में कैसे और कहां परीक्षा ले। इसके बाद यूनिवर्सिटी को भी इसकी जानकारी दी गई। इस तरह कालेज में अफरा-तफरी मच गई और एकाएक यह निर्णय लिया गया कि जेपी वर्मा जरहाभाठा कालेज में परीक्षा न कराकर परीक्षा सेंटर बदला जाए और गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स कालेज में परीक्षा सेंटर बनाया जाए। इसके बाद आनन-फानन में बिलासा कालेज प्रबंधन से चर्चाकर सहमति लेकर वहां परीक्षा सेंटर बनाया गया और इस तरह आज का सेमेस्टर एग्जाम कराया गया।



जीडीसी में परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।



सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल में भरा पानी।

### स्कूलों में पानी भरा

मुसालाधार बारिश के कारण जिले और शहर के लगभग सभी स्कूलों में पानी भर गया और छुट्टी करनी पड़ी। मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूलों में जो बच्चे पहुंचे थे उन्हें वापस किया गया। सभी ब्लाकों के बीईओ ने अपने क्षेत्र के स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान नगोई प्राथमिक और मिडिल के साथ बेलसरी प्राथमिक और मिडिल स्कूल में पानी भरा मिला। सिरगिट्टी इलाके के पूर्व माध्यमिक स्कूल सिरगिट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी में पानी भर गया। शासकीय प्राथमिक शाला तुर्काडीह और तिफरा स्थित शासकीय स्कूल का मैदान तालाब में तब्दील हो गया। बंधवापारा, गोंड़पारा, बिरकोना स्कूलों की भी यही हालत रही।

### भारी बारिश से परेशान होते रहे लोग

■ उसलापुर रेलवे स्टेशन के सामने, महर्षि स्कूल रोड स्थित सर्व मंगला बिहार कॉलोनी पूरी तरह डूब गई। कई घरों में पानी घुस गया। पिछले कई वर्षों से कॉलोनी के लोग निगम और प्रशासन से निकासी सुविधा की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है। लगभग 10 वर्षों से कॉलोनी में लोग रह रहे हैं परन्तु नाली, गार्डन, सड़क, स्ट्रीट लाइट आदि सभी काम अधूरे पड़े हुए हैं।

■ लालखदान निवासी देवसिंह राजपूत और श्रीमती सुशीला देवी के पूरे घर में पानी भर गया। घर मे रखा पूरा समान बह गया जिससे पूरा परिवार परेशान रहा। धान की पूरी फसल चौपट हो गई और कई दस्तावेज खराब हो गए। परिवार के कल्याण सिंह,श्रीमती मीणा सिंह, और तीन बच्चों है मजदूरी करते है। सामान बहने के साथ ही मकान ढह गया है।

■ ढेका, लालखदान, दर्रीघाट, धान मंडी वाला पूरा क्षेत्र जलमग्न रहा। गुरुनानक चौक से सेंट्रल स्कूल तक जाने वाली सड़क में कमर तक पानी भरा था। जगदंबा कालोनी, गितांजलि सिटी में पानी भरने से लोग परेशान रहे।

## यह रहे हालात

■ शहर के कई मोहल्लों, कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। कई जगह सड़क और नाले का अंतर खत्म हो गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल संकट भी गहराया।

■ वसंत विहार रिहायशी इलाके में भरा पानी, डूबते कार से महिला टीचर और उनके बेटे को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अटल आवास और विजयापुरम में पानी भरने के बाद यहां के लोगों को नाव के सहारे सुरक्षित निकाला गया।

■ निचले इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है। सरकंडा के बंधवापारा क्षेत्र में दो नावों के जरिए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

■ बंधवापारा में घर के ऊपर लोग फंसे रहे तो, ट्रैक्टर डूबा रहा। विजयापुरम क्षेत्र में आक्सीजन सिलेंडर ले जा रही गाड़ी पानी भरने के कारण बंद हो गई। सरकंडा में अधिकांश लोग घर छोड़ कर सुरक्षित ठिकानो में जाते दिखाई दिए।

■ नारायण प्लाजा में जलभराव हुआ, एसडीएम कार्यालय परिसर में भी जलभराव की स्थिति रही। विजयपुरम कॉलोनी में सड़कों के साथ-साथ लोगों के घरों में भी पानी घुस गया।

■ मस्तूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई है। कई स्थानों पर सड़क के ऊपर लगभग 4 से 5 फीट तक पानी बह रहा है। जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है।

■ वहीं कोटमीसोनार स्थित लीलागर नदी के पुल के ऊपर से भी तेज़ी से पानी बह रहा है। जिसके चलते इस मार्ग को भी एहतियातन बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है।

■ पत्रकार कालोनी, नेहरू नगर, पारिजात एक्सटेंशन एक तरह से टापू बन गए। सैकड़ों घरों में पानी घुस गया। लोग एक तरह से बंधक बन गए और सामानों को बचाने की जद्दोजहद रात और दिन जारी रही।

■ एसबीआर कालेज मैदान पूरी तरह लबालब हो गया। इसका पानी मुख्य सड़क पर आ गया। इससे जाम की स्थिति रही। कालेज में परीक्षा स्थगित करनी पड़ी।

■ महाराणा प्रताप चौक से लेकर मंगला चौक तक बनी गौरव पथ की सड़क पहली बार डूबी। पल्लव भवन के सामने तो घुटने से उपर तक जलभराव था। इससे आने जाने वालों को परेशानी हुई।

■ जिला कोर्ट की पुरानी बिल्डिंग में करेंट का झटका दिन भर महसूस किया गया। स्थानीय लोगों की मदद और सक्रियता से तत्काल करेंट सप्लाई को बंद किया गया, इससे किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई।

■ जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखा। इसमें मांग की गई कि शुक्रवार को दिन भर हुई बारिश के कारण कई पक्षकार और अधिवक्ताओं की उपस्थिति कम रही। इससे लिए कोई भी आदेश जारी नहीं करे। डीजे ने इसे स्वीकार भी किया।

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष, 24 घंटे रहेंगे अधिकारी, कर्मचारी

नगर निगम द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष विकास भवन में स्थापित किया गया है। बरसात में शहर में जल निकासी की समस्या तथा अरपा नदी में संभावित जल स्तर के बढ़ने से उत्पन्न होने वाली समस्या से निपटने के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसमें 24 घंटे सेवा देने तीन पालियों में अधिकारी, इंजीनियर एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### बिलासपुर-मस्तूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव

बिलासपुर–मस्तूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई है। कई स्थानों पर सड़क के ऊपर लगभग 4 से 5 फीट तक पानी बह रहा है। जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। वहीं कोटमीसोनार स्थित लीलागर नदी के पुल के ऊपर से भी तेज़ी से पानी बह रहा है। जिसके चलते इस मार्ग को भी एहतियातन बंद कर दिया गया है।

## बारिश के बाद जनजीवन को सामान्य बनाने विधायक अमर ने दिए निर्देश

**बिलासपुर।** बिलासपुर में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। इस चुनौतीपूर्ण समय में बिलासपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने विधानसभा सत्र की व्यस्तताओं के बीच स्थिति का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन और नगर निगम के साथ मिलकर राहत कार्यों को गति प्रदान की है।



उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और उन्हें राहत पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राहत और बचाव कार्यों को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से श्री अग्रवाल ने एक विशेष 'टास्क फोर्स' को निरंतर निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों में त्वरित जलनिकासी, स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और बिजली सेवाओं की बहाली के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। जनस्वास्थ्य की दृष्टि से उन्होंने सिम्स और जिला अस्पताल को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी मौसमी बीमारी की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त, बारिश के कारण जिन परिवारों के कच्चे मकानों को नुकसान पहुँचा है, उन्हें राहत प्रदान करने आरबीसी 6(4) के तहत तत्काल मुआवज़ा प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। स्कूली बच्चों की सुरक्षा और उनके आवागमन को लेकर भी उन्होंने विशेष सावधानी बरतने को कहा है। उन्होंने सभी पार्षदों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में उपस्थित रहकर नागरिकों की हर संभव सहायता करें। अमर अग्रवाल ने शहरवासियों से सुरक्षित रहने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के आपसी सहयोग से शहर की स्थिति जल्द ही पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। दोपहर बाद बारिश थमने के साथ ही प्रशासन अब प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को सुचारु बनाने के कार्य में पूरी तत्परता से जुटा हुआ है।



पुराना बस स्टैंड में भाजपा पदाधिकारी नाले की सफाई कराते हुए।



समस्या ग्रस्त इलाकों में पहुंचे कांग्रेसी।



बारिश के बीच बचाव कार्य के निरीक्षण में निकले कलेक्टर व निगम आयुक्त।

### प्रभावित क्षेत्रों का कलेक्टर-एसएसपी ने किया निरीक्षण

लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस, प्रशासनिक एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ शहर के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने विजयापुरम, बंधवापारा, तोरवा, रेलवे कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों का जायजा लेकर जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ति परिवारों से चर्चा कर उन्हें दिलासा दिया कि प्रशासन इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ है। उन्हें हर संभव सुरक्षा और सहायता दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी नालों और नालियों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो, वहां नालों का चौड़ीकरण कराया जाए तथा नालों के मोड़ों पर जल निकासी में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को प्राथमिकता के आधार पर हटाने की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वहां निवासरत लगभग 55 परिवारों को एहतियातन सेंट्रल लाइब्रेरी के समीप स्थित सामुदायिक भवन में आज रात सुरक्षित रूप से शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

## अपोलो प्रबंधन ने स्वास्थ्य सेवाओं में शीघ्र सुधार का दिया भरोसा

**बिलासपुर।** अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, एम्बुलेंस व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पात्र मरीजों को आयुष्मान भारत योजना का अधिकतम लाभ दिलाने का भरोसा दिया है।



शुक्रवार को जिला प्रशासन की मध्यस्थता में कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह की मौजूदगी में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल तथा अस्पताल प्रबंधन के बीच हुई बैठक में यह आश्वासन दिया गया। अस्पताल के सीईओ अभय गुप्ता ने कहा कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि कैंसर मरीजों के लिए आयुष्मान योजना के तहत उपचार की सुविधा पहले से उपलब्ध है। वहीं हार्ट, किडनी, लंग्स, ब्रेन और न्यूरो जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों को भी आयुष्मान योजना का लाभ देने के लिए शीर्ष प्रबंधन से चर्चा कर शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल की कार्यप्रणाली, आपातकालीन सेवाओं, एम्बुलेंस व्यवस्था और उपचार प्रक्रिया को लेकर अपनी चिंताएं रखीं। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने गरीब मरीजों के लिए आयुष्मान योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की मांग की। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 24 घंटे सुसज्जित एम्बुलेंस और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता पर जोर दिया। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी संस्था का विरोध नहीं, बल्कि मरीजों के हितों की रक्षा और जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करना है। उन्होंने बैठक में दिए गए आश्वासनों के क्रियान्वयन पर लगातार निगरानी रखने की बात भी कही। बैठक में कांग्रेस के कई पदाधिकारी और अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी मौजूद रहे।

## नशे में दरिंदगीः लकवाग्रस्त पिता की डंडे मारकर की हत्या

**बिलासपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवागांव में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नशे में धुत एक युवक ने अपने 65 वर्षीय लकवाग्रस्त पिता की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मां की हत्या फिराक में था और बहन के घर पहुंच कर हंगामा करने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पहचान रिखी राम सूर्यवंशी (65 वर्ष), पिता गंगाराम सूर्यवंशी, निवासी ग्राम नवागांव (गिरजाबंद), थाना रतनपुर के रूप में हुई है। वहीं आरोपी उनका पुत्र शिवचरण सूर्यवंशी (38 वर्ष) है। जानकारी के अनुसार, रिखी राम सूर्यवंशी लंबे समय से पैरालिसिस (लकवा) से पीड़ित थे और बिस्तर पर ही रहते थे। गुरूवार की रात उसका बेटा शिवचरण सूर्यवंशी 38 वर्ष नशे के हालत में घर पहुंचा और माता-पिता के साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार करने लगा। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए रिखी राम ने अपनी पत्नी को पास में रहने वाली बेटी के घर भेज दिया। इसके बाद आरोपी ने घर में अकेले पिता पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग बिस्तर पर पड़े-पड़े गिड़गिड़ाता रहा लेकिन बेरहम पुत्र ने पिता के सिर पर लगातार डंडे से वार किया जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई।



आरोपी।

## आचार्य इंस्टीट्यूट ने नीट 2026 में रचा सफलता का नया इतिहास



**बिलासपुर।** नीट यूजी 2026 की कठिन परीक्षा में भी आचार्य इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट एआईआर एवं कैटेगरी रैंक हासिल कीं।

यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और हमारी अनुभवी फैकल्टी के समर्पण का परिणाम है। आचार्य इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं निदेशक संदीप द्विवेदी ने बताया कि 120+ आचार्यन्स पिछले वर्ष की कट-ऑफ के आधार पर डॉक्टर बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने बताया कि अब तक उनके यहां राघव सिंह चंदेल – एआईआर 3244 जनरल रैंक 1600, 632/720, भाव्या मिश्रा एआईआर 8146, जनरल रैंक 3474, 606/720, अक्षत तिवारी – एआईआर 13022, ईडब्ल्यूएस रैंक

एजुकेशन प्लस

रैंक 1463, 592/720, शुवम सुबासिश – एआईआर 13783, जनरल रैंक 5452, 590/720, उत्कर्ष वैष्णव, एआईआर 20155, कैटेगरी रैंक 5452, 576/720, अंशिका अग्रवाल एआईआर 27759, जनरल रैंक 10177, 563/720, ताशु टांक – एआईआर 26934, जनरल रैंक 9895, 564/720, शिवेन्द्र कुमार – एआईआर 31047, जनरल रैंक 15030, 558/720, सजल पटेल – एआईआर 41172, कैटेगरी रैंक 20194, 545/720, अंकित टंडन – एआईआर 42619, कैटेगरी रैंक 1188, 544/720 उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल चयन नहीं, बल्कि उत्कृष्ट रैंक के साथ विद्यार्थियों का भविष्य संवारना है। नीट 2026 के परिणाम यह सिद्ध करते हैं कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




धर्म-क्षेत्र

## महिलाओं ने किया सुंदरकांड का सामूहिक पाठ



**बिलासपुर।** घर-घर सुंदरकांड हर घर सुंदर कांड के तहत महिलाओं द्वारा निरंतर सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। इसी के तहत चकरभाटा व फरहदा में सुंदर कांड का सामूहिक पाठ किया गया। पाठ से पहले पवन पुत्र हनुमान की पूजा की गई। फिर वाद्य यंत्रों की धुन के बीच लयबद्ध होकर पाठ किया गया। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। यह आयोजन बागेश्वर धाम मातृशक्ति सुंदरकांड मण्डल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## ईश्वर प्रदत्त सत्य ज्ञान है वेद साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग भी



**बिलासपुर।** आर्य समाज बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि सब सत्य विधाओं का पुस्तक वेद है क्योंकि वेद ईश्वर प्रदत्त सत्य ज्ञान है। यज्ञ के बाद उपमंत्री जितेंद्र पटेल ने आर्य समाज के नियम पढ़ाए। संरक्षक प्रमोद गुप्ता ने भजन प्रस्तुत किया। सत्यार्थ प्रकाश का स्वाध्याय किया गया। वक्ता श्री शास्त्री ने कहा िि वेद का अर्थ ज्ञान, विद्या है। वेदों में सृष्टि का ज्ञान है। ईश्वर ने जब सृष्टि की रचना की थी तब वेद ज्ञान चार ऋषियों को दिया गया था, उसी को सृष्टि का संविधान व सृष्टि की नियमावली कह सकते हैं। आदि सृष्टि में जब मनुष्य वेदों के अनुसार जीवन जीते थे। ज्ञान, कर्म, उपासना और विज्ञान को वेदों से समझ कर जीवन जीते थे तो सुखी थे। वेद ईश्वर का उपदेश है। जब ईश्वर के आदेश अनुसार जीवन जीते थे तो सुख शांति थी क्योंकि वेद ज्ञान है। ज्ञान सुख का कारण है। ज्ञान के बिना सुख कारक पदार्थ भी दुख कारक होता है। वेद में अनंत ज्ञान है क्योंकि ईश्वर अनंत है और उसका ज्ञान भी अनंत है।

आयोजन

## गौ सेवा के 1800 दिन पूर्ण पहनाए गए रेडियम बेल्ट

**बिलासपुर।** शांता फाउंडेशन द्वारा प्रतिदिन गौ माताओं को 100 रोटियां एवं गुड़ खिलाकर निरंतर गौ सेवा की जा रही है। इस सेवा कार्य ने 1800 वें दिन का सफल पड़ाव पूर्ण किया। इस विशेष



अवसर पर शांता फाउंडेशन परिवार के सदस्यों ने गौ माताओं के गले में रेडियम बेल्ट बांधी। इन बेल्टों को बांधने का उद्देश्य रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाली गौ माताओं को वाहन चालकों की नजर में लाना है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो और गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। संस्था प्रमुख नीरज गेमनानी ने कहा कि गौ सेवा केवल भोजन कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और संरक्षण भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। संस्था ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे गौ सेवा एवं गौ संरक्षण के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता निभाएं तथा सड़क पर विचरण करने वाले गौवंश की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। आज के इस सेवा कार्य में डी विनीता रॉव, सृष्टि सिंह, अनिता तिवारी, प्रीतेश सिंह राठौर, तेजस राजपूत, शौर्य कश्यप, रोहन तलवानी, श्रवण घोष उपस्थित रहे।

हेल्थ लाइव

## डायबिटीज के मरीजों को आंखों पर देना चाहिए खास ध्यान

**बिलासपुर।** जिन लोगों को शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है, उनमें समय के साथ नसों, पाचन, हार्ट और आंखों से कम दिखने की दिक्कत होने लगती है। डायबिटीज की समस्या आपकी आंखों को कैसे प्रभावित करती है, इससे कारण अंधेपन का खतरा कैसे बढ़



जाता है। डायबिटीज या हाई ब्लड शुगर की समस्या दुनियाभर में तेजी से बढ़ती जा रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी इसका शिकार हो रहे हैं। अध्ययनकर्ता कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण डायबिटीज के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। डायबिटीज की समस्या आपकी आंखों को कैसे प्रभावित करती है, इससे कारण अंधेपन का खतरा कैसे बढ़ जाता है। हमारी आंखें एक कैमरे की तरह हैं, जो हमें दुनिया को देखने में मदद करती हैं। लेकिन जब शरीर में शुगर का स्तर लंबे समय तक बढ़ा हुआ रहता है, तो यह स्थित आंखों की रोशनी को धीरे-धीरे धुंधला करने लग जाती है। इसे डायबिटिक आई डिजीज या डायबिटिक रेटिनोपैथी के नाम से जाना जाता है। ये आंखों से जुड़ी एक गंभीर स्थिति है, और अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो अंधापन तक हो सकता है।







रोटरी ई-क्लब ऑफ बिलासपुर का इंस्टालेशन समारोह

# स्वयं से ऊपर उठकर दूसरों के लिए जीना ही रोटरी का उद्देश्य

**पदभार समारोह में अमूमन सत्ता का हस्तांतरण होता है, परन्तु रोटरी जैसे संस्थानों में यह थोड़ा अलग है, इसमें सेवाभाव का हस्तांतरण किया जाता है। समाज के लिए जीने का संकल्प रोटरी क्लब का मूल भाव है, इसे ही चरितार्थ करने क्लब के सदस्य वर्ष भर विभिन्न समाजिक कार्य करते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने शुक्रवार को होटल सेंट्रल पाइंट में आयोजित रोटरी ई-क्लब ऑफ बिलासपुर यूनाइटेड के 9 वें इंस्टालेशन समारोह में कही। डॉ द्विवेदी ने क्लब शब्द के आशय पर कहा कि यह शब्द विलासिता व मनोरंजन का बोध कराता है, परन्तु व्यक्तियों के साझा समूह एकसाथ मिलकर समाज हित में कार्य करें, यही परोपकार की महिमा है। रोटरी का मूल उदेश्य स्वयं से उपर उठकर दूसरों के लिए जीना है, स्वयं से पहले सेवाभाव के ध्येय को पूरा करना लक्ष्य होता है।

समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ चिकित्सक एवं क्लब मेंटर डॉ देवेंदर सिंह एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन नवीन सिस्तला मौजूद रहे। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए रोटेरियन अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, रोटेरियन सचिव रौनक सॉव एवं रोटेरियन कोषाध्यक्ष विमलेश अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई, इसके पश्चात अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। 2025-26 के रोटेरियन अध्यक्ष डॉ सिध्दार्थ वर्मा ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यो की जानकारी देकर क्लब का आभार जताया। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ देवेंदर सिंह ने क्लब के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 220 देशों में 12 हजार से अधिक क्लब संचालित हो रहे हैं। हर वर्ष नई टीम अधिक एनर्जी से काम कर समाज के अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करती है। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन नवीन सिस्तला ने रोटरी के बारे में कहा कि क्लब की स्थापना 23 फरवरी 1905 में शिकागो से हुई। इस संगठन की मुख्य पहचान अनुशासन है, हर वर्ष 1 जुलाई को अध्यक्ष बदल दिया जाता है। अनुशासन ही इसकी खास विशेषता है।

इस मौके पर शिवकुमार अग्रवाल,बालचंद जयसवाल, संजय दुआ, प्रवीण झा, चरण सिंह गंभीर, मुकेश अग्रवाल, डॉ गौरव प्रजापति, विकास केजरीवाल, डॉ नवदीप सिंह अरोरा सहित बड़ी संख्या क्लब के सदस्य मौजूद थे।

### नए सदस्यों से बढ़ेगी उर्जा

नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि इस बार क्लब में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग इस बार सदस्य बने हैं, जिससे क्लब में नई उमंग के साथ काम करेंगे। यह सभी हर वर्ग से है, जिनकी पहुंच का लाभ क्लब को मिलेगा और अधिक से अधिक लोगों तक सेवा कर पाएंगे।

## समारोह में रोटरी सदस्यों को दिलाई शपथ




संस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए करेगी कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर ग्रीन के द्वितीय शपथ ग्रहण समारोह रोटरी के डिस्ट्रिक गवर्नर आलम सिंह रूपरा के मुख्य आतिथ्य एवं असिस्टेंट गवर्नर आर नवीन, क्लब मेंटर डॉ देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें मनोनीत व नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

समारोह में रायपुर से आईं शैली चुगानी की उपस्थिति में क्लब के उपाध्यक्ष रजत मल्होत्रा द्वारा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष किरणपाल सिंह चावला की तरफ़ अविजित आहूजा को सत्र 2o26-27 हेतु पदभार सौंपा गया रोहित मिश्रा ने शीरीन वधवानी को सचिव, उमेश चावला को कोषाध्यक्ष बनाया। शपथ लेने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी जसबीर सिंह चावला, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में पुनः हरियाली के संस्थापक प्रकाश सोंथलिया एवं अंकित पवार शामिल रहे। क्लब का मुख्य उद्देश्य अपने नाम के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना है। इसमें वृक्षारोपण अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान, ग्रीन मैराथन एवं 5 हजार युवाओं की ग्रीन आर्मी बनाना है।

इस अवसर पर रणवीर सिंह मरहास, शिल्पी मल्होत्रा, वंदना सिंह, भारती, डॉ अपूर्व सिंह, अमित चक्रवर्ती, प्रमोद अग्रवाल, रौनक साव उपस्थित थे।

## माधवी जयंती पर अग्रवाल महिलाओं ने गाए भजन




अग्रवाल भवन विद्यानगर में श्रद्धा व उत्साह से आयोजन

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ ने गुरुवार को विद्या नगर स्थित अग्रवाल भवन में श्रद्धा व उत्साह से माधवी जयंती मनाई। इसमें संस्था की सदस्यों ने देवी माधवी लक्ष्मी व अग्रसेन महराज पर आधारित भक्तिमय भजन गाए। इसके बाद माता को चुनरी अर्पित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन, माता माधवी एवं माता लक्ष्मी की पूजन, वंदना एवं प्रार्थना से किया गया। इसके बाद माता लक्ष्मी, महराजा अग्रसेन एवं माता माधवी का आवाहन कर भक्ति-भाव से भजनों की प्रस्तुति दी गई। भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथयात्रा के उपलक्ष्य में भी भजन गाए गए। समाज की परंपरा के अनुरूप चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। संस्था की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने बताया कि माता माधवी नाग कन्या थीं। उनका जन्म जगन्नाथ यात्रा के दिन नागवंश में हुआ था। नागपंचमी को अग्रवाल समाज द्वारा विशेष रूप से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि अग्रसेन महराज ने पूरे समाज को जोड़ कर भाई चारे का संदेश दिया। अहिंसा पर बल देते हुए बली प्रथा को समाप्त कराया। उन्होंने अपने राज्य को घोर संकट से बचाया। आरती के बाद भोग-प्रसाद एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम आशा रामअवतार अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। अंत में धार्मिक व सांस्कृतिक मुद्दों को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर पूनम अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, उषा अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, रानू अग्रवाल, अनु अग्रवाल सहित अनेक सदस्याओं ने अपनी भागीदारी देकर आयोजन को सफल बनाया। मुख्य संयोजिका आशा व पूनम अग्रवाल के सफल नेतृत्व की सभी ने सराहना करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर उन्हें बधाई दी।



## बारिश से बचने शेड बना वन्यप्राणियों का सहारा

**बिलासपुर।** बारिश के मौसम में खुले केज में रहने वाले वन्यप्राणियों के लिए कानन प्रबंधन ने शेड की व्यवस्था की है, जो वन्यप्राणियों का सहारा बन गया है। वहीं पानी निकासी के लिए ड्रेनेज का भी काम किया गया है, ताकि जल भराव की स्थिति न हो सके।

कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र में शासन के आदेशानुसार डीएफओ, एसडीओ, रेंजर से लेकर अन्य स्टाफ की व्यवस्था कर दी गई है, लेकिन सीजेडए के नियम और गाइडलाइन के अनुसार काफी कमी है। कानन पेण्डारी जू में बच्चों के खेलने के लिए गार्डन, पिकनिक स्पॉट सहित 650 से अधिक मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणी हैं। सभी वन्यप्राणियों के लिए भीषण गर्मी में दोपहर की तेज धूप से बचाने के लिए शेड की व्यवस्था करने के साथ स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जाता है। वहीं बारिश में सबसे अधिक परेशानी मौसमी बीमारी की होती है। जिस स्थान पर वन्यप्राणियों के शेड बने हैं, उन स्थानों पर बारिश की वजह से कीचड़ हो जाते हैं। इसके अलावा शेड की लंबाई चौड़ाई कम होने के कारण बारिश में कई वन्यप्राणी भींगते भी हैं। बारिश का प्रभाव वन्यप्राणियों की सेहत पर भी होने लगा है। बारिश के साथ मौसमी बीमारी से बचाने के लिए व्यवस्था करना शुरु कर दिया गया है।

### लगाया गया शेड

बारिश के मौसम में वन्यप्राणियों को बीमारी से बचाने के लिए सभी शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में नाइट शेल्टर लगा दिया गया है। इसके अलावा बारिश के पहले सभी वन्यप्राणियों का वैक्सीनेशन भी कर दिया गया है। वहीं डॉक्टर भी लगातार वन्यप्राणियों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**- राजेन्द्र सोरी,** अधीक्षक कानन पेण्डारी जू

कार्नर न्यूज

अभियान से हजारों विद्यार्थी व नागरिक हुए जागरूक

# मोबाइल, नशे की लत से युवाओं को बचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा संचालित 10 करोड़ नशामुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत बिलासपुर शहर में व्यापक जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें मोबाइल, नशे की लत से युवाओं को बचाने का संकल्प लिया गया। इस अभियान से हजारों विद्यार्थी व नागरिक जागरूक हुए।

बीके मंजू दीदी के मार्गदर्शन में सेवाधारी भाई-बहनों की टीम ने स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय विद्यालय, मल्टीपरपज़ हायर सेकेंडरी स्कूल, जगमल चौक एवं टिकरापारा सहित विभिन्न स्थानों पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों को नशामुक्त एवं मोबाइल-मुक्त जीवन का संदेश दिया। यह अभियान ब्रह्माकुमारीज़ के राष्ट्रव्यापी 10 करोड़ नशा मुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान का हिस्सा है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने नशा मुक्त, व्यसन मुक्त एवं संस्कारवान भारत के निर्माण का संकल्प लिया। सेवाधारी टीम ने बताया कि आज केवल शराब, तंबाकू और अन्य मादक पदार्थ ही नहीं, बल्कि मोबाइल एवं सोशल मीडिया की अनियंत्रित लत भी बच्चों और युवाओं के व्यक्तित्व, पढ़ाई, स्वास्थ्य तथा पारिवारिक संबंधों को प्रभावित कर रहा है। नशा मुक्त भारत का अर्थ केवल नशीले पदार्थों से मुक्ति नहीं, बल्कि हर उस आदत से मुक्त होना है जो जीवन, चरित्र और भविष्य को कमजोर बनाती है। इस अभियान में बीके. ज्ञाना बहन, बीके. शशि बहन, बीके. पूर्णिमा बहन, बीके. गायत्री बहन, राकेश भाई सहित सेवाधारी भाई-बहनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।





## खबर संक्षेप

### ईश्वर बने नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के संयोजक



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन ने संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत भाजपा नेता ईश्वर सिंह को नगरीय निकाय प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया है। ईश्वर सिंह ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। मैं संगठन द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से निर्वहन करूंगा।

### जरुरतमंद परिवार को 45 हजार रुपए नकद की मदद



**लोरमी।** राजपूत युवा मोर्चा ने ढोलगी निवासी दीपक सिंह राजपूत के पुत्र दिव्यांशु सिंह जो ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, उनके उपचार हेतु 45,390 रुपए की सहायता राशि दी है। इस अवसर पर संजय सिंह, नरोत्तम, पूनम, महाबीर, रामकुमार, धरमजीत, हृदय, सतीश, शेर सिंह, गोपाल, बलराज, रविकांत, बीरेंद्र, संतोष, सुरित, लक्ष्मीनारायण, मनीष सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री से मिले जिला संयोजक अनिल शिवहरे



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त होने के बाद अनिल शिवहरे ने विधायक धर्मजीत सिंह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह, महामंत्री प्रमोद ठाकुर, राज साहू, वरुण सिंह, शानुल खान, राज कश्यप, भानु सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### नवधर प्रसाद यादव



**बिलासपुर।** अंजनी विहार, चांटीडीह, सरकंडा निवासी नवधर प्रसाद यादव का 61 वर्ष की आयु में रायपुर में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 18 जुलाई शनिवार को सरकंडा मुक्तिधाम में होगा। वे एफ आर यादव के छोटे भाई, विशाल यादव और राखी यादव के पिता थे।

### सुधाराम चौबे



**मल्हार।** नगर के ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नागरिक व पूर्व जनसंघ कार्यकर्ता सुधाराम चौबे का 84 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे के पिता एवं रिटायर्ड पोस्ट मास्टर छत्रपति चौबे के बड़े भाई थे।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी लोरमी, जिला- मुंगेली (छ.ग.)
// शपथ पत्र //
मैं अमित कुमार बंजारे पिता खेलुराम बंजारे उम्र 26 वर्ष निवासी गोंड खाम्ही तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) एतद द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषणा करता हूँ
1. यह कि मैं गोंड खाम्ही तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) का स्थाई निवासी हूँ।
2. यह कि मैं अपने स्वयं के पैन कार्ड मे नाम परिवर्तन कराना चाहता हूँ पुराना नाम नलकुमार बंजारा (NALKUMAR BANJARA) से बदलकर नया नाम अमित कुमार बंजारे (AMIT KUMAR BANJARE) कराना चाहता हूँ।
3. यह कि मेरे स्वयं के पैन कार्ड मे नाम परिवर्तन कराना चाहता हूँ पुराने नाम से किसी भी न्यायालय मैं प्रकरण लंबित नही है और न ही किसी बैंक में कोई ऋण की राशि शेष है।
4. यह कि मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशो हवाश में रहकर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।
शपथकर्ता
अमित कुमार बंजारे
सत्यापन
मैं शपथकर्ता द्वारा शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक किये कथन मेरे निजी जानकारी एवं दस्तावेजो के अनुसार सत्य एवं सही है।
स्थान:- लोरमी (छ.ग.)
दिनांक :- 14.7.2026
सत्यापनकर्ता
अमित कुमार बंजारे

## व्यापार प्रभावित, आंदोलन की चेतावनी,


# बिजली की आंख-मिचौली से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन हो या रात, बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

नगरवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी के दौरान मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी गई थी। पेड़ों की छंटाई, तार बदलने और अन्य मरम्मत कार्यों का हवाला दिया गया, लेकिन बारिश शुरू होते ही फिर से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। हल्की हवा या बारिश होते ही बिजली घंटों के लिए बंद हो जाती है। रात के समय बिजली गुल होने से सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को हो रही है। बारिश के मौसम में सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतु निकलने का खतरा भी बढ़ जाता है, जिससे अंधेरे में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार बिजली बंद होने से दुकानों और छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के संचालन में बाधा आने से आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### पल्ला झाड़ लेते हैं अफसर



स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत करने पर बिजली विभाग के अधिकारी अक्सर मोपका या कोटा क्षेत्र में तकनीकी खराबी का हवाला देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि बिजली कटौती आवश्यक हो तो उसका निर्धारित समय पहले से सार्वजनिक किया जाए, ताकि लोग अपने दैनिक कार्यों की योजना बना सकें। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल प्रभावी कदम उठाकर नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# संगवारी महिला समिति ने विद्यार्थियों को बांटे छाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



एनटीपीसी सीपत की संगवारी महिला समिति ने बुधवार को सामाजिक कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक विद्यालय सीपत, नवाडीह, बाजार पारा सीपत एवं कर्रा में अध्ययनरत लगभग 230 छात्र-छात्राओं को छातों का वितरण किया। वर्षा ऋतु के दौरान बच्चों को विद्यालय आने-जाने में होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई।

संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा शिखा मंडल के नेतृत्व में समिति की सदस्याओं ने सभी विद्यार्थियों को छाते वितरित किए। इस पर बच्चों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा समिति के इस सहयोग के लिए आभार जताया। उल्लेखनीय है कि संगवारी महिला समिति द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों में महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों के कल्याण व सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को यह सहयोग प्रदान किया गया। सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यपकों ने संगवारी महिला समिति की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर समिति की वरिष्ठ सदस्यगण, जयंती पटेल, सरपंच (कर्रा), विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव, सड़क सुरक्षा के नियमों की दी गई जानकारी



**रतनपुर।** आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रतनपुर थाना द्वारा ग्राम सीस (बेलतरा) में साइबर जागरूकता एवं यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें। फर्जी लोन ऐप, निवेश के नाम पर होने वाली ठगी तथा पार्ट टाइम जॉब के झांसे में न आएं।

कार्यक्रम थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचने के उपाय और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट और वीडियो कॉल फ्रॉड से भी सतर्क रहने की सलाह दी गई। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। यातायात जागरूकता सत्र में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने की अनिवार्यता बताई गई। साथ ही शराब पीकर वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन नहीं सौंपने की अपील की गई। थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय ने कहा कि साइबर अपराध और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से थाना रतनपुर द्वारा इस प्रकार की जागरूकता पाठशालाएं स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों पर नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी साइबर ठगी और सड़क दुर्घटना दोनों से बचा सकती है।

# बीईओ ने किया 25 स्कूलों का निरीक्षण, नदारद शिक्षकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई ने शुक्रवार को प्राथमिक शाला कोडपुरी, प्राथमिक शाला रोनाकापा, प्राथमिक शाला लाटा,हाई स्कूल मोतीपुर ,पूर्व माध्यमिक शाला मोतिमपुर ,प्राथमिक शाला मोतीपुर, प्राथ शाला घठोली पारा ,हाई स्कूल कूकुसदा ,सहित 25 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक शिक्षक अनुपस्थित मिले जिन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

ग्राम रौनाकापा में प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक गायब मिले, यहां शाला का संचालन स्वीपर द्वारा किया जा रहा था। बीईओ ने वहां पहुंचकर बच्चों से बात कर विद्यालय की स्थिति को जाना। विद्यालय के निरीक्षण दौरान बीईओ ने शिक्षको की नियमित उपस्थिति , बच्चों की सुरक्षा , गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन , नियमित शिक्षक डायरी बनाने एवं एक पेड़ मा के नाम के अंतर्गत पेड़ लगाने के निर्देश दिए।

### जर्जर भवनों को गिराने के निर्देश

बीईओ मण्डलोई ने सभी शालाओं के संस्था प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर में कोई जर्जर भवन है तो उसे तोड़वाएं। बच्चों को वहां ना जाने दें।

### प्राचार्य सहित पूरा स्टाफ गायब

पुछेली हाई स्कूल पहुंचने पर बीईओ को वहां प्रिंसिपल सहित छह व्याख्याता, विज्ञान सहायक अनुपस्थित मिले विद्यालय में शिक्षकों के अनुपस्थिति के समय बच्चें ही शाला सम्भालते दिखे। अनुपस्थित शिक्षको के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली को पत्र लिखा गया है ।



# बजरंग चौक पर हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**दगोरी।** समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बजरंग चौक गुड़ी में हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, सत्यनारायण पूजा तथा रामकथा का आयोजन किया गया। आचार्य पंडित राजा चौबे द्वारा विधिविधान मंत्रोच्चार आरती, हवन-पूजन के साथ बजरंगबली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

साथ में सत्यनारायण कथा, भगवान श्री राम चंद्र की कथा का भी आयोजन किया गया। मुख्य यजमान गंगा बिसाहू कौशिक रहे। मूर्ति दान गोपाल कौशिक द्वारा दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में श्रवण कौशिक, बजरहा निषाद, राधेश्याम कौशिक, बैसाखू निषाद, मथुरा निषाद, बाहरीक साहू, दर्शन लाल कौशिक, दशरथ सन्नाट, गोलू कौशिक, गिरधारी जायसवाल, दिलीप ध्रुव, गया राम, हरिश्चंद्र कौशिक, धरम कौशिक, भागवत कौशिक, अमरनाथ साहू, पुरुषोत्तम कौशिक, राजकुमार कौशिक, दीपक यादव, बल्ला कौशिक, हरीश सन्नाट, हरिराम कौशिक, भोला कौशिक, मनमोहन कौशिक, परमेश्वर कौशिक, कौशल ध्रुव, योगेश साहू, रामेश्वर सन्नाट, संतोष कौशिक, नेन दाश मानिकपुरी, छन्नूराम निषाद, आदित्य, सुमित साहू इत्यादि रहे।

# वन अधिकार पत्रों में अनियमितताओं की जांच के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**लोरमी।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के तहत जारी वन अधिकार पत्रों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार, वन अधिकार पत्रों में फर्जीवाड़ा, बिना कब्जे के पट्टा प्राप्त करने, अपात्र व्यक्तियों को लाभ दिए जाने तथा अन्य अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों की जांच समिति द्वारा की जाएगी।

समिति में अपर कलेक्टर जीएल यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लोरमी अजीत पुजारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिव कुमार बांधे, अनुविभागीय अधिकारी (वन) लोरमी दशांश सूर्यवंशी, सहायक संचालक अचानकमार टाइगर रिजर्व समीर जोनाथन, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेश कुमार कंवर तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी खुड़यिा अनिरुद्ध कश्यप को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार समिति प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच कर 7 दिवस के भीतर अपना अभिमत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। गौरतलब है कि मामले में 14 जुलाई को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर उक्त मामले में जिला प्रशासन को जांच एवं कार्रवाई की मांग की थी। हरिभूमि ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित कर प्रशासन के सामने रखा था।

खुड़िया में कथित फर्जी वनाधिकार पट्टो की बिक्री के मामले में सौंपा ज्ञापन



# श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर महाप्रभु का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम मौहभाठा में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के जयकारे लगाए। मार्ग भर भजन-कीर्तन और धार्मिक नारों की गूंज सुनाई देती रही।

रथयात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। इसके पश्चात सुसज्जित रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया गया। श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर स्वयं को सौभाग्यशाली माना तथा भगवान से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, पिल्लूराम साहू, गौकरण, ढेलऊ, धन लाल, अशोक साहू, कैलाश मानिकपुरी, देव कुमार विकास, अनुराग, बिल्लू, नरेंद्र, मुकेश, राजकुमार, तितरा, लीलाराम, थानुराम, मुन्ना श्रीवास, गोलू धुरी सहित अन्य शामिल हुए।

# मोपका स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन



बैठक में उपस्थित विद्यालय प्रबंधन के सदस्य।

**मोपका।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका में पालकों अभिभावकों तथा शिक्षा में रुचि रखने वाले लोगों की आवश्यक बैठक हुई।

बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष सीमा सांडे, उपाध्यक्ष साखन दर्वे, सदस्यों में मोहन श्रीवास (वार्ड 47 पार्षद) डॉ तिलग्राaम साहू (वार्ड 48 पार्षद), पालक सदस्य अरुण कश्यप, बच्चा राम साहू, ममता धूरी, शरद साहू, शिवकुमार साहू, अनिल यादव, गणेश सूर्यवंशी, राधेश्याम दूरी सुनीता भार्गव, पुष्पा बाई, रमेश कुर्रे एवं आंगनबाड़ी से आरती सूर्यवंशी, पूर्व छात्र अंकित केवट, शिक्षाविद डीएल वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से द्रोण कुमार पटेल, शहनाज बेगम एवं शिक्षक सदस्य श्यामली त्रिपाठी, सतीश कुमार तंबोली, साथ ही शाला के प्राचार्य अर्चना जोशी पदेन सचिव नियुक्त किए गए।

### तालाब में नहाने गए ग्रामीण की मिली लाश

कोरबा। जिले के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा में तालाब में एक व्यक्ति की तैरती लाश मिली हैं। बताया जा रहा हैं की घर से नहाने के लिए निकले 55 वर्षीय व्यक्ति का शव देर शाम तालाब में तैरता मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत नवापारा निवासी सम्मल सिंह (55 वर्ष) गुरुवार शाम अपनी पत्नी से तालाब में नहाने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई।

# कलेक्टर से मिले भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी



**पेंड्रा।** भारतीय किसान संघ जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष रामनारायण राय के नेतृत्व में मासिक बैठक आयोजित की। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देने के लिए बीमा कंपनी के जिला अधिकारी अवधेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को योजना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

बैठक के बाद संघ के पदाधिकारियों ने जिले के नवनियुक्त कलेक्टर से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सहकारी समितियों एवं भंडारण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, कृषि फीडरों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली वितरण केंद्रों के संपर्क नंबर बिजली बिलों में अंकित करने तथा किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने की मांग की गई। संघ ने कलेक्टर कार्यालय एवं जिला अस्पताल के समीप किसान भवन के निर्माण की भी मांग की। इस अवसर पर जिला मंत्री सीताराम कैवर्त, कोषाध्यक्ष गोविंद गुप्ता, प्रसार प्रमुख सावन राय, चंद्रभान सिंह, ध्यान सिंह, प्रीतम सिंह ओट्टी, दिल प्रसाद पैकरा, चैतमन प्रताप सिंह, विजय राय सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

# लगातार बारिश से छलके नदी, नाले

## जनजीवन अस्त व्यस्त

**मस्तूरी।** लगातार 12 घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों के जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। जगह-जगह खेत खलियान गलियों सहित मुख्य मार्गों पर पानी के भराव के चलते लोगों का घर से निकलना भी दूर्भर हो गया। नगर सहित आसपास के गांव कस्बों की सड़कों में पानी भर जाने से लोगों का आवागमन का रास्ता ही बंद हो गया। मस्तूरी के कई मोहल्ला में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों में पानी घुस गया और घर में रखें बर्तन सहित अन्य सामान तैरते नजर आया। हमेशा की तरह मस्तूरी में स्थापित उप पंजीयक कार्यालय के सामने पानी भर जाने से तालाब जैसे नजारा बना रहा वहीं आज जमीन रजिस्ट्री का कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ा रहा। इस कार्यालय के एक तरफ नहर और दूसरी तरफ तालाब होने की वजह से बारिश के समय पानी लबालब भर जाता है फिर भी प्रशासन समय रहते इस ओर ध्यान नहीं देता। जिसके कारण हमेशा ही यह समस्या उत्पन्न हो जाता है। यही स्थिति मुख्य मार्ग पर स्थित जनपद पंचायत कार्यालय का है। जहां कार्यालय प्रांगण के पानी का समुचित निकासी नहीं होने के कारण पानी दफ्तर के अंदर कमरों में भर जाता है।

### बिजली व्यवस्था ठप

लगातार हुई बारिश के चलते मस्तूरी सहित क्षेत्र के सभी गांव कस्बों में बिजली व्यवस्था ढ़प्प पड़ गया था विद्युत विभाग की माने तो 33 केवी लाइन में फाल्ट आ जाने के कारण लाइट बंद रहा बारिश की पानी थमने के पश्चात कर्मचारियों ने फाइट ढूंढना शुरू किया तब कहीं जाकर शाम 5:00 बजे तक कुछ हद तक लाइट चालू हो पाया बाकी लाइट देर रात तक चालू होने की संभावना बनी हुई है।



उप पंजीयक कार्यालय के सामने भरा पानी, नहीं हुई रजिस्ट्री


## कृषि कार्य में आई तेजी, खेतों में रोपा लगाने का काम शुरू



**मुंगेली।** जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश ने किसानों को खुश कर दिया हैं। कृषि कार्य में तेजी आई है । पिछले एक सप्ताह के बाद मौसम में बदलाव के बाद क्षेत्र में हो रही बारिश से किसानों के चेहरों पर चमक है। किसान अच्छी फसल की उम्मीद को लेकर रोपा लगाने भी शुरू कर दिया है। वही कृषि विभाग इन दिनों हो रही बारिश धान की खेती के लिए लादायक बता रहे है। गुरूवार रात्रि से शुरू हुई बारिश रात भर होती रही, दूसरे दिन शुक्रवार को भी दिन भर लगातार बारिश जारी रही। बारिश जिले को तरबतर कर दिया। बारिश से खेत-खलिहानों की प्यास बुझी। बारिश ने किसानों की सोई उम्मीद को जगाया। बारिश से किसानों को अच्छी फसल होने की आस दिखने लगी है किसान रघुराज सिंह का कहना है कि बारिश तो ठीक हो रही है। इसी तरह होती रही तो फसल की अच्छी पैदावार की संभावना है। किसान अजय तिवारी का कहना है कि 24 घंटे की बारिश खेतों के लिए पर्याप्त बारिश हो रही है। कल रात्रि से शुरू हुई बारिश दूसरे दिन दिनभर रिमझिम बरसता रहा। सुबह की बारिश के चलते स्कूल जाने वाले एवं आफिस कार्य से बाहर आने-जाने वालों को परेशानी हुई। बारिश के चलते साप्ताहिक शुक्रवार बाजार भी प्रभावित हुआ। बाजार में कीचड़ से लोग परेशान होते रहे।

# हाल-बेहाल, लोगों के घरों में घुसा पानी

गुरुवार की शाम से शुरू हुई लगातार झमाझम बारिश शुक्रवार शाम तक चलती रही जिससे मल्हार पूरा जलमग्न रहा। आसपास के नदी-नाले उफान है। खेत खलिहान भी तालाब की तरह लबालब हो गए हैं। नगर के निचले इलाकों में पानी भरने से हालत खराब है। लोगों के घरों में पानी घुस गया। पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।







### लीलागर नदी उफान पर

लीलागर नदी उफान पर भारी बारिश के कारण इस सीजन में पहली बार लीलागर में बने एनीकट से पांच फीट ऊपर पानी बहने लगा। जिसके चलते जांजगीर-चाम्पा जिले के विभिन्न गांवों से मल्हार का संपर्क टूट गया। स्थानीय प्रशासन ने एहतियातन बरतते हुए लोगों को नदी से दूर रहने व एनीकट के ऊपर पानी रहने पर नदी पार नहीं करने की अपील की है। साथ ही नदी जाने वाले कई रास्तों पर बेरिकेडिंग भी कराई गई है। सीएमओ अनुभव सिंह ने कहा कि लीलागर नदी के उफान पर हम नजर बनाए हुए हैं। ऐहतियातन बाढ़ की स्थिति में नदी किनारे रह रहे लोगों को मंगल भवन में शिफ्ट किया जाएगा जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

सीजन की यह पहली भारी बारिश में ही जलभराव से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस अनवरत बारिश ने किसानों के चेहरे खिल गए। मानसून आने के बाद खेती किसानी के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हो रही थी जिसके चलते किसान धान की बुआई भी ठीक से नही कर पा रहे थे। अब इस दो दिन की मूसलाधार बारिश ने खेतो को जलमग्न कर दिया और अब किसान खेती में जुट जाएंगे। वही अच्छी बारिश के चलते आम जनता ने गर्मी से राहत की सांस भी ली है। लगातार तेज बारिश होने से नगर में कई सड़कों और कई वार्डो में पानी भर गया। नगर की मुख्य सड़कों के अलावा पोस्ट ऑफिस वाली मार्ग व मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से सड़क लबालब नजर आई। वही कुछ स्थान तो तालाब बन गए थे। दोपहर तक बारिस बारिश बंद होने के घण्टों तक यही स्थिति रही। बस स्टैंड से मेला चौक तक कि मुख्य सड़क तालाब के रूप में तब्दील हो गई थी। यहां पानी निकासी की समस्या होने से सड़क का पानी घरों में घुसने लगा।



## खुड़िया बांध लबालबः वेस्टवियर से 9 इंच छलका पानी, प्रकृति का आनंद लेने पहुंचने लगे सैलानी

**लोरमी।** वनांचल में अनवरत बारिश से राजीव गांधी जलाशय खुड़यिा बांध पूरी तरह से लबालब हो गया है। क्षमता से अधिक पानी भरने के कारण शुक्रवार की सुबह से वेस्टवियर छलक रहा है। वर्तमान में डेम में 152.92 मिलियन घन मीटर जल भराव हो चुका है।
ब्लाक के भारतसागर में 35 प्रतिशत, लोटननाला 29 प्रतिशत , कन्हैया जलाशय 39 प्रतिशत, गबदा जलाशय 65 प्रतिशत ,बघरा बांध में 43 प्रतिशत, दानवखार में 40 प्रतिशत एवं बुधवारा में महज 9 प्रतिशत विभाग ने दर्ज किए है, अभी इन बांधो से पानी छलकने में समय लग सकता है। वनांचल में बारिश के चलते मनियारी जलाशय लबालब हो गया है। जलाशय में 75 फीट से अधिक पानी भर चुका है। जिसके चलते वेस्टवियर से 9 इंच पानी नदी में जा रहा है। मनियारी जलाशय के ऊपरी हिस्से से पानी का तेज बहाव जलाशय में आ रहा है जिसके चलते जलाशय में 103.54 प्रतिशत पानी का भराव हो गया है । वनाचंल में अच्छी और तेज हो बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं। लोरमी की मनियारी नदी भी उफान पर है । छोटे छोटे नदी नालों में उफान आने से आवागमन के बाधित हो रहा है। बीते रात से हो रही लगातार बारिश से किसानो को राहत प्रदान किया है। सिंचाई विभाग के एसडीओ शंकर गेंदले ने बताया कि खुड़यिा बांध के वेस्टवियर से पानी 9 इंच पानी छलक रहा है। अन्य बांधों का रिकार्ड दर्ज किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने देखी बाढ़ की स्थिति



जिले में निरंतर हो रही वर्षा और कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले में हाई अलर्ट घोषित करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को फील्ड में रहकर लगातार स्थिति की निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर निर्देश दिए कि जहां भी जलभराव के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहां तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लें और आवश्यक राहत कार्य सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं एवं एसडीओ को सड़क, पुल-पुलिया, नदी-नालों तथा विद्युत लाइनों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जहां कहीं भी सड़क क्षतिग्रस्त होने, जलभराव अथवा तेज बहाव के कारण दुर्घटना की आशंका हो, वहां तत्काल बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेत एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रहकर जलभराव, बाढ़ जैसी स्थिति एवं आवश्यक सेवाओं का निरंतर आकलन करें। किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर बिना विलंब सुधारात्मक कार्यवाही की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

---

# हरिभूमि inh 24x7 बदलते भारत की आवाज एवं BNI बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 द्वारा आयोजित

## रंगोली सजाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों की सूची

### Group-A 5 से 15 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - शाल्वि कश्यप, कुदुदण्ड
द्वितीय पुरस्कार - प्रतिभा साहू, चिंगराजपारा
तृतीय पुरस्कार - धानी सिंग ठाकुर, चिंगराजपारा
पलक देवांगन, लिंगियाडीह

विशेष पुरस्कार - 1. अनन्या यादव, बिरकोना
2. पिंकी साहू, चिंगराजपारा 3. आराध्या पाण्डेय, सरकण्डा
4. ज्योति पटेल, बड़ी कोनी 5. अर्चना साहू, अशोक नगर
6. जान्वी वर्मा, चिंगराजपारा 7. जिया कौशिक, चिंगराजपारा
8. उमागौरी देवांगन, अशोक विहार फेस - 2
9. साक्षी देवांगन, गणेश चौक 10. जीना खान, सोनगंगा कालोनी
11. सुरभी सिंग, तिलक नगर 12. तृप्ती राज, तेलीपारा

### Group-B 16 से 25 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - प्रगति शुक्ला, राजकिशोर नगर
द्वितीय पुरस्कार - सौम्या साहू, यमुना नगर
तृतीय पुरस्कार - सृष्टि मारकण्डे, ब्रजेश स्कूल
विशेष पुरस्कार - 1. रोशनी यादव, पी.एम.स्कूल सरकण्डा
2. अनुराधा पटेल, घूटकू गनियारी

### Group-c 26 से ऊपर

प्रथम पुरस्कार - दामिनी कश्यप, चिंगराजपारा
द्वितीय पुरस्कार - भवना कश्यप, गुलाबनगर
तृतीय पुरस्कार - उमा सोनी, अशोकनगर

**रंगोली सांत्वना पुरस्कार 5 से 15 वर्ष**

1.योशिता साहू, माहामाया पारा बहतराई 2. पूजा साहू, अशोकनगर फेस - टू 3. चंचल साहू, अशोक विहार फेस - टू 4. यामी साहू, शासकीय नगर 5. राधिका साहू, अशोक नगर 6. छाया पटेल, घुटकू 7. संध्या साहू, बिरकोना 8. जानवी कोरी, लोधीपारा 9. रोशनी श्रीवास, अशोक नगर 10. अंजिका अग्रवाल, गांधी चौक 11. आशी यादव , बिरकोना 12. विधि देवांगन , नूतन चौक 13.रश्मि देवांगन डबरीपारा 14. सुमन साहू, चिंगराजपारा 15. श्रद्वा साहू चिंगराजपारा 16. प्रिया साहू, चिंगराजपारा 17. खुशी श्रीवास, बहतराई रोड 18. मधु देवांगन, गणेश चौक 19. रागनि साहू, अशोक नगर 20. कुमुद धुरव, अशोक नगर 21.कुमुद धुरव, अशोक नगर 22. हर्शिता साहू, अशोक नगर 23. निमनि कश्यप, डबरीपारा 24. वंशिका तिवारी, गीतांजली सिटी 25. रिशिका पटेल, इमलीपारा 26. प्रतिभा साहू, चिंगराजपारा 27. स्मिता सूर्यवंशी , गोकुल नगर 28. अंकिता केर्वत, विवेकानंद नगर फेस-2, 29. हर्शा दुबे, आर.के.नगर 30. लीना साहू, राजकिशोर नगर 31. भूमि गुप्ता, चिंगराजपारा 32. दीपाली सिंदार, रामनगर लिंगियाडीह 33. नैना देवांगन, चिंगराजपारा 34. स्वाती राजपूत, चिंगराजपारा 35. रिशिका कौशिक, चिंगराजपारा 36. पल्लवी राजपूत, ज्योति विहार 37. काश्वि कश्यप, कुदुदण्ड 38. आराधना खाण्डे, सत्या नगर 39. रोमेसा , सरकण्डा 39. निलेश्वरी राजपूत, चिंगराजपारा 40. इशिका मंडोले, चिल्हाटी 41. खुशी वर्मा, चिंगराजपारा 42. भावना साहू , चिंगराजपारा 43. नेहा देवांगन, अशोक नगर फेस -2, 44. प्रियांशी अहर, इमलीभाटा सरकण्डा 45. दिशा गंधर्व, मोपका 46. अंशिका शुक्ला, इंजिनियरिंग कालेज 47. केवरी प्रसाद, इंजिनियरिंग कालेज 48. श्रेयांशी सिंग, राजवीर विहार 49. प्रीति साहू, अशोक नगर 50. मुस्कान साहू, गोड़पारा 51. दिव्या मानिकपुरी, जरहाभाठा 52. निशा देवांगन, प्रभातचौक 53. वेदिका साहू, सरकण्डा 54. निरिक्षा मिश्रा, अशोक नगर 55. नम: यादव, बिरकोना 56. यामनी राठौर, खमतराईरोड ड्रीमसिटी 57. प्रगति साहू, इमलीपारा

## मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों की सूची

### Group-A 5 से 15 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - साक्षी साहू, सरकण्डा
द्वितीय पुरस्कार - जोया अख्तर, मसानगंज
तृतीय पुरस्कार - सौम्या चंदाबहेश, गांधी चौक
विशेष पुरस्कार - 1. लीना साहू, राजकिशोर नगर
2. संध्या परिहार, शिवघाट सरकण्डा
3. प्रतिभा साहू, चिंगराजपारा

### Group-B 16 से 25 वर्ष

प्रथम पुरस्कार - शिखा यादव, सिरगिट्टी
द्वितीय पुरस्कार - भूमिका यादव, तालापारा
तृतीय पुरस्कार - पूर्णिमा सिंह, उस्लापुर
विशेष पुरस्कार - 1. सानिया खान, तालापारा
2. सुहानी कश्यप, हेमू नगर
3. श्रुति यादव, तिफरा 4. प्रेरणा निषाद, गणेश नगर
5. सौम्या साहू, यमुना नगर मंगला चौक

### Group-c 26 से ऊपर

प्रथम पुरस्कार - दामिनी कश्यप, चिंगराजपारा
द्वितीय पुरस्कार - सिमरन बोले, टिकरापारा
तृतीय पुरस्कार - सविता साहू, तिफारा
विशेष पुरस्कार - पूर्वी आदित्य, अशोकनगर
2.रानी कौशिक, ओमनगर जरहाभाठा

**मेहंदी सांत्वना पुरस्कार 5 से 15 वर्ष**

1.रश्मि यादव, सांई मंदिर चांटीडीह 2. सिद्वी कौशिक, ओमनगर जरहाभाठा 3. आरूशी साहू, चांटीडीह 4. प्रियांशी सोनी ,बगदाई मंदिर 5.तृप्ति क्षत्री, मगरपारा 6. अंजिका अग्रवाल, गांधी चौक 7.सोनम कुशवाहा, अमेरी 8. तनु पाण्डेय, प्रगति विहार 9. दिव्या मानिकपुरी, ओमनगर 10.तमन्ना गोस्वामी,ओमगनगर 11. प्राची नायक, सांईस कालेज 12. रिशिका पटेल, इमलीपारा 13. अदिवा शेख, तालापारा 14. मौसम साहू, इंदिरा विहार सरकण्डा 15.शारदा परिहार, शिवघाट पुराना सरकण्डा 16. वंशिका तिवारी, गीतांजली सिटी 17. श्रद्वा साहू , चिंगराजपारा 18. चंचल आदित्य, अशोक नगर 19. शान्वी केशरवानी, सरकण्डा 20.आराधना खाण्डी, सत्यानगर तिफरा 21. श्री साहू, अशोक नगर 22. प्रिया मेहर, चिंगराजपारा 23. खुशी श्रीवास , बहतराई 24. नेहा देवांगन, अशोक विहार 25. रश्मि देवांगन, डबरीपारा 26. मधु देवांगन, गणेश चौक 27. मानसी थवाईत, डबरीपारा 28. सुमन साहू, विश्वकर्मा चौक चिंगराजपारा 29. साक्षी देवांगन, गणेश चौक चिंगराजपारा 30.सरगम चौहान, नगोई 31. इस्मिता सूर्यवंशी, गोकुल नगर 32. प्रिया साहू, चिंगराजपारा 33.हर्शा दुबे, राजकिशोर नगर 34. विधि देवांगन, नूतन चौक सरकण्डा 35. जान्वी सूर्यवंशी, राजकिशोर नगर तुलसी आवास 36.धानी सिंह ठाकुर, चिंगराजपारा 37. शालनी मनहरे, कोनी 38. मिथलेश साहू, प्रभात चौक चिंगराजपारा 39. साक्षी मानिकपुरी, चिल्हाटी 40. तान्या यादव, चिंगराजपारा 41. जान्वी वर्मा, चिंगराजपारा 42. खुशी वर्मा, चिंगराजपारा 43.भावना साहू , चिंगराजपारा 44. निम्मी कश्यप , डबरीपारा 45. नेहा कुर्रे, कोनी 46. उमेश्वरी राजपूत. चिंगराजपारा 47. पलक देवांगन, लिंगियाडीह 48. आंकाक्षा कोल , डबरीपारा 49.दिव्यानी देवांगन, अशोकनगर 50.नव्या मेहानी, गांधी चौक 51. पलक महतो, चिंगराजपारा 52. स्वलिल अंजुम, तालापारा 53. चंचल नायडु, अशोकनगर 54.भूमि गुप्ता, चिंगराजपारा 55. डिंपल देवांगन, चिंगराजपारा 56.पिंकी साहू, चिंगराजपारा 57. रूचिका देवांगन, डबरीपारा 58. जीनत खान, सोनगंगा कालोनी 59. कशिश वर्मा, तिफरा 60. नैया देवांगन, चिंगराजपारा 61.स्वाति राजपूत, चिंगराजपारा 62. इंशिका मंडलोई, चिल्हाटी 63. अदिती शुक्ला, बिलासपुर

**मेहंदी सांत्वना पुरस्कार 16 से 25 वर्ष**

1. सिया वैशणव, राजकिशोर नगर 2. मुस्कान मानिकपुरी, देवरीखुर्द 3.सरिता खैरवार, तारबहार सिरगिट्टी 4. रजनी चतुर्वेदानी, घुरू सैदा 5. कशिश वर्मा, कालिका नगर 6. सविता साहू, तिफरा 7. अनुराधा पटेल, घुटकू 8. गीतिका जायसवाल, बगदाई खमतराई 9. अरिबा खान, तालापारा 10. सानिया खातून, तालापारा 11. नौसीन फातिमा, तालापारा 12.सृश्टि मारकण्डे, सत्यम चौक 13. सिमरन खान, तालापारा 14. आषु चतुर्वेदी, तखतपुर 15. शालिनी मनहरे, कोनी 16. रिया कष्यप , गणेश चौक 17. रौशनी यादव, नूतन चौक

**मेंहदी लगाओ , रंगोली सजाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को परिचय पत्र की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।**

**पुरस्कार वितरण की जानकारी जल्द ही प्रकाशित की जाएगी।**

## आफत की बारिश


मध्यनगरी चौक।


गीतांजली सिटी फेस-2


सरकंडा जगदम्बा कालोनी।


व्यापार विहार।


कलेक्टर बंगला।


अंबेडकर स्कूल।


चौबे कॉलोनी सरकंडा।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

### ट्रेनों को अचानक किया गया रद्द, यात्री होते रहे हलाकान

# बारिश ने लगाया ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक, 6 ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश के कारण ट्रेनों की रफ्तार भी ब्रेक लग गया। झारसुगुड़ा से बिलासपुर के साथ रायपुर और कटनी की ओर से बिलासपुर आने वाली यात्री ट्रेनों को पहुंचने में घंटों समय लगा। इसके साथ ही बिलासपुर सहित उसलापुर और आसपास के स्टेशन में रेल लाइन के अलावा यार्ड में पानी भरने की वजह से 6 ट्रेनों को अचानक रद्द करना पड़ा, जिसके कारण हजारों की संख्या में यात्री हलाकान होते रहे।

गुरुवार की रात से शुरु हुई बारिश दूसरे दिन शुक्रवार की दोपहर तक होती रही। इसके कारण शहर और ग्रामीण इलाकों में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं बारिश का असर ट्रेनों की रफ्तार पर भी पड़ा। बिलासपुर के साथ झारसुगुड़ा, पेण्ड्रारोड, अनूपपुर, कोरबा, चांपा के अलावा आसपास में तेज बारिश की वजह से चालक और परिचालकों को भी काफी परेशानी होने लगी। आटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम के साथ रेलवे ट्रैक पर भी बारिश का पानी भरने के कारण ट्रेन की रफ्तार धीमी करनी पड़ी। वहीं दुर्घटना की आशंका को देखते हुए कंट्रोल रूम की ओर से सभी चालक, परिचालन एवं गार्ड को वाकाटॉकी के माध्यम से रफ्तार कम करने का आदेश जारी कर दिया गया। रेलवे ट्रैक पर एक साथ मालगाड़ी और यात्री गाड़ियों को एक साथ परिचालन में परेशानी होने लगी, जिसके कारण रायपुर से बिलासपुर और रायगढ़ से बिलासपुर के बीच आने-जाने वाली ट्रेनों को छोटे स्टेशनों में नियंत्रित करना पड़ा। इसकी वजह से सुबह से तीनों रूट से आने वाली मेमू के साथ एक्सप्रेस ट्रेनों को बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंचने में घंटों समय लग गया।


बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर भरा पानी।

**रद्द की गई ट्रेनें:** इसी तरह 68734 बिलासपुर-कोरबा मेमू, 68733 कोरबा-बिलासपुर मेमू, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू, 68746 रायपुर-बिलासपुर मेमू को अचानक रद्द किया गया। वहीं 68745 रायपुर-बिलासपुर मेमू को चांपा स्टेशन में समाप्त करने के बाद 68738 नम्बर के साथ बिलासपुर से रायगढ़ मेमू बनाकर रवाना करते हुए चांपा से बिलासपुर तक कैंसिल कर दिया गया। इसके अलावा रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू, बिलासपुर से रवाना होने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर रद्द की गई। बिलासपुर स्टेशन में दोपहर को झारसुगुड़ा से आने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू चांपा में समाप्त कर ट्रेन को चांपा से दगोरी के बीच रद्द करने के साथ चांपा से 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू बनाकर झारसुगुड़ा के लिए रवाना कर दिया गया।

### प्लेटफार्म तक भरा पानी

गुरुवार की रात से हो रही बारिश के कारण बिलासपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म से लगे रेलवे ट्रैक पूरी तरह से भर गए। रेलवे ट्रैक पर भरा पानी प्लेटफार्म तक आने के कारण ट्रेन परिचालन में परेशानी उठानी पड़ी। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में ट्रेनों का स्टापेज देने के लिए आठ प्लेटफार्म बनाए गए हैं। इन सभी प्लेटफार्म से लगे रेलवे ट्रैक पर हाईड्रेन पाइप के साथ नालियां भी बनी हुई है, ताकि रेलवे ट्रैक का गंदा पानी नाली के जरिए बाहर निकल सके। गुरुवार की रात को अचानक शुरु हुई तेज बारिश ने स्टेशन के ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।

### यह ट्रेनें रही लेट

- सुबह 6.50 बजे आने वाली 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल दोपहर 12 बजे के बाद यानि 6 घंटे से अधिक।
- सुबह 7.35 बजे आने वाली 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस 11.30 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक।
- सुबह 7.05 बजे आने वाली 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस दोपहर 2 बजे के बाद 8 घंटे से अधिक।
- सुबह 3.45 बजे आने वाली 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 12.30 बजे के बाद 10 घंटे से अधिक।
- सुबह 7.55 बजे आने वाली 01471 पुणे-पुरी स्पेशल फेयर एक्सप्रेस रात 10 बजे के बाद 14 घंटे से अधिक।
- सुबह 9.00 बजे आने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर 1 बजे के बाद 3.30 घंटे से अधिक।
- सुबह 9.10 बजे आने वाली 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस दोपहर 12.30 बजे के बाद 3.30 घंटे से अधिक।
- सुबह 8.50 बजे आने वाली 18745 गेवरारोड-रायपुर मेमू दोपहर 1 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक।
- सुबह 10.00 बजे आने वाली 68745 रायगढ़-बिलासपुर मेमू दोपहर 1 बजे के बाद 4 घंटे से अधिक।
- सुबह 10.55 बजे आने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दोपहर 2 बजे के बाद 4 घंटे।
- सुबह 4.40 बजे आने वाली 17434 रक्सौल-तिरुपति विकली एक्सप्रेस शाम 5 बजे के बाद 14 घंटे से अधिक लेट।
- सुबह 9.50 बजे आने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे के बाद 6 घंटे लेट।
- सुबह 9 बजे आने वाली 18478 योगनगरी रिषीकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस शाम 7 बजे के बाद 9 घंटे से अधिक।
- दोपहर 2.15 बजे आने वाली 18477 पुरी-योगनगरी उत्कल एक्सप्रेस रात 9 बजे के बाद 7 घंटे से अधिक।
- शाम 5.45 बजे आने वाली 68706 डोंगरगढ़-बिलासपुर लोकल रात 9 बजे के बाद 3 घंटे से अधिक।

0 शाम 5.25 बजे आने वाली 17482 तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस रात 9.30 बजे के बाद चार घंटे से अधिक लेट।

# सबस्टेशन में भरा पानी 12 घंटे तक नहीं आई बिजली, व्यवस्था की खुली पोल

**बिलासपुर।** एक दिन की बारिश ने बिजली विभाग की व्यवस्था पर पानी फेर दिया है। बारिश के कारण सबस्टेशनों में पानी भरने की नौबत आ गई और सप्लाई व्यवस्था ठप रही। खास बात यह है कि बरसते पानी के बीच 33 केवी और 11 केवी लाइनों में भी खराबी आने के कारण कई क्षेत्रों में सप्लाई नहीं हो कसी, वहीं जहां बिजली शुरू भी की गई, वहां भी आंखमिचौली के कारण लोगों को रतजगा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

झमाझम बारिश के कारण बिजली व्यवस्था ठप रही है। शहर के तीन सबस्टेशन में पानी भर गया, जिसके चलते सप्लाई बाधित रही, इसके सबसे ज्यादा परेशानी व्यापार विहार सबस्टेशन में देखने को मिली, जहां सुबह 10 बजे से भरा पानी रात तक खाली नहीं कराया जा सका और इसके चलते विद्या नगर, लिंक रोड, तालापारा, व्यापार विहार, मेग्नेटो माल, श्रीकांत वर्मा मार्ग में सप्लाई बाधित रही। इस दौरान 11 फीडर और 40 से अधिक ट्रांसफार्मरों से सप्लाई बाधित रही, लेकिन ज्यादातर फीडर को शाम 4 बजे तक शुरू कराया गया लेकिन इसमें में करबला रोड, व्यापार विहार, तोरवा, नेहरू नगर, लिंगियाडीह, सरकंडा, बंधवापारा, लालखदान, हेमुनगर, जैसे जहों पर रात 8 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। हालांकि जूना बिलासपुर फीडर सुबह 10 बजे से बंद रही, लेकिन रात 8 बजे से शुरू की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।


व्यापार विहार सब स्टेशन के अंदर घुसा पानी।

### अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन

जहां 12 से 15 घंटे बिजली बंद होने से उपभोक्ता हलाकान रहे, वहीं बिजली अधिकारियों ने फोन उठाने से गुरेज किया। सबसे ज्यादा दिक्कत पूर्वी डिवीजन के अंतर्गत आई, जहां अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के फोन रिसीव नहीं किया। जिसके चलते बिजली की शिकायत के लोगों को ऑनलाइन विकल्प ही रहा, लेकिन इसके में बिना समाधान के मैसेज प्राप्त होता रहा है।

### 3 फीट तक रहा जल भराव

बताया जा रहा है कि बिजली विभाग ने बंधवापारा, बसंत विहार, वसुंधरा नगर, तोरवा, लिंगियाडीह, नर्मदा नगर जैसे इलाकों में 2 से 3 फीट ऊपर पानी भर गया, सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर को बंद किया। विभाग विभाग के अनुसार दुर्घटना की आशंका के कारण कुछ ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद की गई थी।

# एटीआर का तोते बेचने वाला आरोपी भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीआर के तोते को बेचने वाले आरोपी को बिलासपुर वन मंडल की टीम ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


आरोपी

बिलासपुर वन मंडल की टीम को सूचना मिली कि घुरू अमेरी के पास एक व्यक्ति तोते की बिक्री कर रहा है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, जहां एक युवत तोते को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। वन विभाग की टीम ने युवक को पकड़कर कार्यालय लाने के बाद पूछताछ किया। आरोपी अशोक नगर निवासी प्रकाश यादव ने बताया कि तोते को उसने तखतपुर के किसी व्यक्ति से खरीदा था।

उक्त व्यक्ति तोते को अचानकमार टाइगर रिजर्व से पकड़कर लाता है। पूछताछ के बाद वन विभाग की टीम ने आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध कायम करने के बाद न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अरपा में बही बुजुर्ग महिला, मौत

**बिलासपुर।** अरपा के तेज बहाव में बहने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला का शव ऊर्जा पार्क के पास अरपा नदी में झाड़ियों में फंसा मिला, जिसे 112 में तैनात पुलिस जवानों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला है।

जानकारी के अनुसार, लिंगियाडीह स्थित ठाकुर देव मंदिर के पास रहने वाली करीब 65 वर्षीय प्रमिला शुक्रवार सुबह किसी काम से घर से निकली थी। लगातार हो रही बारिश के कारण अरपा नदी और नालों में तेज बहाव था। आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान वह तेज पानी की धारा में बह गईं। दोपहर करीब 1 बजे ऊर्जा पार्क के पास अरपा नदी में एक महिला का शव झाड़ियों में फंसा मिला, सूचना मिलते ही 112 की ईगल टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला। बाद में शव की पहचान प्रमिला के तौर पर हो चुकी है। घटना की सूचना सरकंडा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल प्रारंभिक तौर पर तेज बहाव में बह जाने से डूबने की आशंका जताई जा रही है।

# लगातार बारिश के कारण सिरगिट्टी-तिफरा के उद्योगों में भरा पानी, करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लगातार बारिश के कारण सिलपहरी, सिरगिट्टी के सेक्टर-ए, बी, सी तथा तिफरा औद्योगिक क्षेत्र में पानी भरने से उत्पादन प्रभावित हुआ है और उद्योगों को करोड़ों रुपए के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

- हर वर्ष बढ़ रही जलभराव की समस्या

उद्योग संघ के मुताबिक सेक्टर-ए में मैट्रिक्स मोटर्स के आसपास, सेक्टर-बी में अंशु कोल्ड स्टोरेज, शिवांगी ऑयल, नर्मदा ड्रिंक्स, गोलछा ऑक्साइड सहित कई औद्योगिक इकाइयों तथा सेक्टर-सी में अग्रवाल एग्रो, शारदा फ्लोर और बिलासपुर ट्रांसफार्मर समेत अनेक उद्योगों में पानी भर गया है। कच्चा माल और मशीनें जलमग्न होने से उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिला उद्योग संघ ने आरोप लगाया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर नालियां बंद होने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इस संबंध में पूर्व में भी सीएसआईडीसी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। संघ का कहना है कि पिछले वर्ष नालियों और सड़कों पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, फिर भी निर्माण कार्य अधूरे रहे। नालियों को आपस में नहीं जोड़ा गया और जल निकासी का उचित स्तर भी नहीं रखा गया, जिससे हर वर्ष जलभराव की समस्या बढ़ रही है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र की जिम्मेदारी केवल एक जूनियर इंजीनियर के भरोसे है, जबकि वरिष्ठ अधिकारी नियमित निरीक्षण नहीं करते। उद्योग संघ ने सीएसआईडीसी और राज्य शासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था, अधूरे कार्य पूरे कराने तथा प्रभावित उद्योगों को राहत देने की मांग की है।

### कच्चा माल और मशीनें हुई जलमग्न, उत्पादन रहा प्रभावित


सिरगिट्टी फैक्ट्री के अंदर भरा पानी।

## सीयू में लंच के बाद अर्द्धअवकाश घोषित

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को लगातार बारिश की वजह से अध्ययन-अध्यापन सहित प्रशासनिक कामकाज भी प्रभावित रहा। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने लंच के बाद यूनिवर्सिटी में अर्द्धअवकाश घोषित कर दिया। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग यूटीडी के विभिन्न डिपार्टमेंट में आज छात्र-छात्राओं की उपस्थित एकदम से कम रही। बहुत से छात्र-छात्राएं बारिश की वजह से यूनिवर्सिटी नहीं पहुंचे थे। यहां तक हास्टल में रहने वाले छात्र-छात्राएं भी क्लास में नहीं पहुंचे थे। इसी तरह यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक कार्यालय स्थित विभिन्न विभागों में अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति कम रही। इसके चलते यूनिवर्सिटी में आज प्रशासनिक कामकाज से लेकर अध्ययन-अध्यापन कार्य भी पूरी तरह से प्रभावित रहा। आखिरकार परिस्थिति को देखते हुए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने लंच के बाद यूनिवर्सिटी में अर्द्धअवकाश घोषित कर दिया।


सिरगिट्टी गोकने नाला उफान पर।

## पूरक प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए केन्द्र निर्धारित

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य परीक्षा 2026 में प्रयोगिक विषयों में पूरक प्राप्त परीक्षार्थियों के प्रायोगिक परीक्षा की तिथि एवं केन्द्र घोषित किया गया है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्य परीक्षा में प्रायोगिक विषयों में पूरक आने वाले परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 29 जुलाई से 31 जुलाई तक होगी। पूरक परीक्षार्थी अपने जिले प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होंगे। इसके लिए जिलेवार प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बिलासपुर जिला के लिए शासकीय जेपी वर्मा कालेज बिलासपुर और मुंगेली जिला के लिए शासकीय जेपी मिश्रा साइंस कालेज मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला के लिए शासकीय भंवर सिंह पोर्ते कालेज पेण्ड्रा तथा कोरबा जिला के लिए शासकीय ईव्हीपीजी स्नातकोत्तर कालेज कोरबा को प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस तरह संबंधित जिलों के पूरक परीक्षार्थी अपने जिले के निर्धारित कालेज केन्द्र में ही प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## रोजाना दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हैं लोग

# नियमित उप-पंजीयक का पद रिक्त, प्रभावित हो रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

जिला मुख्यालय में नियमित उप-पंजीयक का पद रिक्त रहने से जमीनों की रजिस्ट्री और अन्य पंजीयन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नियमित उप पंजीयक अधिकारी की नियुक्ति न होने के कारण पंजीयन कराने वालों को पंजीयन कार्य में परेशानी हो रही है। क्षेत्र के किसान जो पंजीयन संबंधित कार्य को लेकर रोजाना दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उनका काम समय पर नहीं हो पा रहा है।

खेती किसानी के सीजन में किसानों को खाद, बीज और कृषि उपकरणों के लिए पैसों की सख्त जरूरत होती है। कई किसान अपनी जमीन की रजिस्ट्री कराकर या बंधक रखकर बैंकों से लोन लेने की प्रक्रिया में जुटे हैं। लेकिन, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीयन कार्य अटके होने के कारण उन्हें समय पर बैंक से लोन नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि एक तरफ खेती-किसानी का समय निकला जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक लेट-लतीफी के कारण उनकी आर्थिक चिंता बढ़ती जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, नियमित सब-रजिस्ट्रार की अनुपस्थिति में कार्यालय का काम



अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चलाया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी के पास दूसरे कार्यालय की भी जिम्मेदारी होने के कारण वे नियमित रूप से पंजीयन कार्यालय को समय नहीं दे पा रहे हैं। इस वजह से पेंडिंग फाइलों का अंबार लगातार बढ़ता जा रहा है। दफ्तर पहुंचने वाले पक्षकारों और किसानों को घंटों इंतजार करने के बाद बैरंग लौटना पड़ता है। पंजीयन कार्य में हो रही इस देरी से न केवल किसान और आम जनता परेशान हैं, बल्कि जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े व्यवसायी और दस्तावेज लेखक भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और किसान संगठनों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मुंगेली उप-पंजीयक कार्यालय में तत्काल नियमित सब-रजिस्ट्रार की नियुक्ति की जाएं, जिससे किसानों को राहत मिल सके और पंजीयन का काम सुचारू रूप से शुरू हो। उल्लेखनीय है कि मुंगेली उप पंजीयक कार्यालय में प्रतिदिन औसतन 50-60 रजिस्ट्रियां होती है।

**नियुक्ति की गई**

जिले के सभी ब्लॉकों में पूर्णकालिक उप पंजीयक की आवश्यकता है। इस संदर्भ में उनके द्वारा अधिकारियों के ध्यान में बात लाई गई थी। शासन द्वारा मुंगेली उप पंजीयक कार्यालय में पूर्णकालिक उप पंजीयक की नियुक्ति कर दी गई है, जो शीघ्र ही पदभार ग्रहण करेगा।

-भूपेंद्र वैष्णव, जिला पंजीयक

## अमलीडीहा में सरस्वती योजना के तहत छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

**दगोरी।** ग्राम पंचायत अमलडीहा में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार कौशिक उपस्थित रहे। उन्होंने स्कूल की छात्राओं को साइकिल वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लगन से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. कौशिक ने कहा कि



योजना से छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, समय की बचत होगी तथा वे नियमित रूप से स्कूल आ सकेंगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत क्षत्रिय, विधायक प्रतिनिधि नरेश जायसवाल , द्वारिका प्रतिनिधि, सरपंच प्रतिनिधि, सुरेश बरगाह,जय रजक सहित शाला के प्राचार्य, शिक्षक -शिक्षकाएं ग्रामीण और छात्र बड़ी संख्या में मौजूद रहें।

## बरमपुर शासकीय शाला में 9वीं की छात्राओं को साइकल वितरण

**लोरमी।** ग्राम बरमपुर में शासन की महत्त्वपूर्ण 'सरस्वती साइकिल योजना' के अंतर्गत बीपीएल परिवारों की कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्राओं को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में साइकिलों का वितरण किया गया।

छात्राओं को नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विक्रम सिंह ,जिला पंचायत सदस्य रत्ना काठले, देवचरण



भास्कर, जवाहर दिवाकर एवं विद्यालय के प्राचार्य जय मंगेशकर सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अटल ने हिड़मा को बताया रोल मॉडल, भाजपा ने की निंदा

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा



कथित रूप से नक्सली नेता हिड़मा को रोल मॉडल बताए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, आपत्तिजनक और देश के वीर सुरक्षा बलों के शौर्य एवं बलिदान का अपमान है। दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि जिन नक्सलियों ने वर्षों तक निर्दोष नागरिकों, आदिवासियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों की हत्या कर क्षेत्र में भय और हिंसा का वातावरण बनाया, ऐसे व्यक्ति को आदर्श बताना किसी भी जनप्रतिनिधि को शोभा नहीं देता। इस प्रकार का बयान कांग्रेस की मानसिकता और उसकी नक्सलवाद के प्रति नरम सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार नक्सलवाद के समूल उन्मूलन के लिए दृढ़ता से कार्य कर रही हैं। ऐसे समय में इस प्रकार के बयान समाज में भ्रम फैलाने वाले हैं और इनकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। दीनानाथ केशरवानी ने कांग्रेस से इस बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने तथा विधायक अटल श्रीवास्तव से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्रहित, सुरक्षा बलों के सम्मान और नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन के पक्ष में खड़ी है।

### शासकीय शाला में नई कार्यकारिणी गठित



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में शाला प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच चंद्रमणि साहू ने की। सर्व सम्मति से ईश्वर प्रसाद निषाद को अध्यक्ष नियुक्त गया। उपाध्यक्ष पद पर गनेशी या बाई निषाद को नियुक्त किया गया। सरपंच चंद्रमणि साहू ने कहा कि शाला में बेहतर शिक्षा व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा। साथ ही पालकों की जवाबदेही तय की जाएगी कि बच्चों को नियमित शाला भेजें। साथ ही बच्चों के प्रवेश पर भी जोर दिया जाएगा। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में परीक्षित निषाद, ओम प्रकाश साहू, मया राम निषाद, दाऊ लाल निषाद, रानियां बाई ,सुरजा निषाद, रमेश निषाद, राजेंद्र साहू, ललिता यादव , त्रिभुवन साहू,राजकुमारी साहू, जलेश्वरी निषाद, नियुक्त किए गए। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी , शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### समारोह में रोटरी सदस्यों को दिलाई शपथ




**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर ग्रीन के द्वितीय शपथ ग्रहण समारोह रोटरी के डिस्ट्रिक गवर्नर आलम सिंह रूपरा के मुख्य आतिथ्य एवं असिस्टेंट गवर्नर आर नवीन, क्लब मेंटर डॉ देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें मनोनीत व नए सदस्यों को शपथ दिलाई गई। समारोह में रायपुर से आईं शैली चुगानी की उपस्थिति में क्लब के उपाध्यक्ष रजत मल्होत्रा द्वारा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष किरणपाल सिंह चावला की तरफ़ अविजित आहूजा को सत्र 2026-27 हेतु पदभार सौंपा गया रोहित मिश्रा ने शीरीन वधवानी को सचिव, उमेश चावला को कोषाध्यक्ष बनाया। शपथ लेने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी जसबीर सिंह चावला, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में पुनः हरियाली के संस्थापक प्रकाश सोंथलिया एवं अंकित पवार शामिल रहे। क्लब का मुख्य उद्देश्य अपने नाम के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना है। इसमें वृक्षारोपण अभियान, प्लास्टिक मुक्त अभियान, ग्रीन मैराथन एवं 5 हजार युवाओं की ग्रीन आर्मी बनाना है। इस अवसर पर रणवीर सिंह मरहास, शिल्पी मल्होत्रा, वंदना सिंह, भारती, डॉ अपूर्व सिंह, अमित चक्रवर्ती, प्रमोद अग्रवाल, रौनक साव उपस्थित थे।

# जिला परिवहन कार्यालय परिसर में व्यापक पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली



पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय परिसर में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि कार्यालय परिसर में लगभग 50 फलदार एवं दीर्घायु पौधों का रोपण किया गया।

पौधरोपण अभियान के अंतर्गत आम, नीम, पीपल, करंज, बादाम, कदम, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। पौधों की सुरक्षा और बेहतर संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पौधे पर ट्री-गार्ड भी लगाए गए, जिन्हें नवीन वाहन विक्रेताओं द्वारा उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। पौधरोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है, जिससे स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में कार्यालयीन कर्मचारी दीप्ति मरावी, रविशंकर कश्यप, कुश कुमार देवांगन, त्रिलोक राव, दीनानाथ सोनी, संतोष ठाकुर सहित नवीन वाहन विक्रेताओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

### हथनी उद्यानिकी कॉलेज में रोपे गए 2 हजार से अधिक पौधे



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र हथनी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से वृहद पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने 2 हजार से अधिक सजावटी एवं वन प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। यह पौधरोपण अभियान महाविद्यालय के अधिस्ठाता डॉ. तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं संतुलित वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का भी आह्वान किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार, डॉ मकसूदन वर्मा, डॉ.संध्या साहू, डॉ.मुकेश पटेल एवं डॉ. ऋतु स्वर्णकार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

जिला कांग्रेस कमेटी की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष गज़मती भानु की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में हाल ही में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्राप्त निर्देशों को जिला स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष गज़मती भानु ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कांग्रेस की विचारधारा तथा जनसेवा के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाएं। पूर्व विधायक डॉ. केके ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास है। बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन ओमप्रकाश बंका ने किया। बैठक में राकेश मसीह, वीरेंद्र बघेल, हरीश राय, प्रफुल्ल प्रकाश, संतोष ठाकुर, रवि राय, अमित सोनी, कमल राठौर, गजरूप सलाम, रेखा तिवारी, जयश्री कुशराम, श्वेता मिश्रा, कामता राठौर, गिरजा रानी पोट्टम, सुनीता तिमोथी, मालती वाकरे, निलेश साहू, रियांश सोनी, शंकर कंवर, मनीष दुबे, अफ़सर ख़ान, अंसर जुनजानी, तेज राजपूत, उपेंद्र उइके, राजेश यादव, संतोष वर्मा, बाला प्रशाद कश्यप, रमेश मेहराम, गणपत भानु सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

**तखतपुर।** नगर पालिका भाजपा पार्षद दल ने सीएमओं को आवेदन देकर पुराना थाना की शासकीय भूमि पर किए अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग की है।

पुराना थाना परिसर में विधायक धर्मजीत सिंह की पहल पर 1 करोड़ रूपए की लागत से चौपाटी निर्माण कराया जा रहा है जहां पर नगरवासी शाम को परिजनों , मित्रों और परिवारजनों के साथ सुकून के कुछ पल बीता सकेंगे परंतु कुछ अवैध कब्जाधारियों के कारण इस प्रोजेक्ट पर ग्रहण लग गया है। जिससे नगरवासियों में भारी आक्रोश है। इस समस्या को समझते हुए भाजपा पार्षद दलों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं सीएमओं को दिए आवेदन में भाजपा पार्षदों ने कहा कि तखतपुर नगरपालिका क्षेत्र के पुराना थाना स्थित शासकीय भूमि पर चौपाटी के लिए चिंहित किया गया है। जिसमें कुछ व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस कब्जे के संबंध में पूर्व में लिखित एवं मौखिक में सूचना दी गई उसके बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। यदि तीन दिवस के भीतर उस स्थल पर किए अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया गया और चौपाटी निर्माण कार्य प्रारंभ नही कराया गया तो 20 जुलाई को भाजपा पार्षद दल नगरपालिका कार्यालय तखतपुर में आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करेंगे। आवेदन देने वालों में कोमल सिंह ठाकुर, प्रियंका सुनील आहुजा, इस्लाम अंसारी, कैलाश देवांगन, अंजू सुरेश देवांगन, भाजपा नेता दिलीप तोलानी सहित अन्य शामिल है।

## दाऊपारा आत्मानंद स्कूल में 48 छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

**मुंगेली।** सरस्वती साइकल योजना अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 48 पात्र बालिकाओं को साइकिल प्रदान किया गया।

शाला में हिन्दी माध्यम के 24 एवं अंग्रेजी माध्यम के 24 बालिकाओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा निःशुल्क साइकल प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राचार्य महादेव यादव, राजीव श्रीवास, अरविंद राजपूत, ममता पाटले, दुष्यंत दुबे,



मुकेश्वरी यादव, सुक्रीना पठारी, रेखा यादव, दिनेश बुनकर, जलेश्वर प्रसाद, जीवन पटेल , राजेश श्रीवास, पालक हरिश कुमार, रिद्धिमा लाल व्याख्याता ,जेबा तबस्सुम, हरिशंकर गुप्ता, उमाशंकर साहू, नेमीचंद भास्कर, शिक्षक ब्रजेश यादव सहित विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं पालकगण उपस्थित रहे।

## साकेत विद्यालय में 45 छात्राओं को मिली साइकिलें, परिसर में रोपे पौधे

**सरगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साकेत में साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नवमी की 45 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं।

इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने और विशेष रूप से बेटियों को



आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच पूजा अनीश मनु, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साइकिल वितरण के उपरांत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस दौरान अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## साइकिल मिलने से छात्राओं के समय में होगी बचत

**मुंगेली।** निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुल्लापुर, सोनपुरी, अमर टापू में स्थित स्कूल आत्मानंद के कक्षा नवमी के पात्र छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जनपद सदस्य तरुण पाटले ने 31 छात्राओं को साइकिल प्रदान कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तरुण पाटले ने कहा कि राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं



को शिक्षा में जोड़ना और विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना है।

साइकिल मिलने से छात्राओं के समय की बचत होगी। जिससे वह पढ़ाई के लिए अधिक समय निकल सकेगी और उनकी शिक्षा में रुचि बनी रहेगी। कार्यक्रम में आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य नाम कुमार बंजारा, सरपंच सुरेन्द्र पाल पात्रे एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं स्टाफ एवं पालक उपस्थित रहे।

### माधवी जयंती पर अग्रवाल महिलाओं ने गाए भजन



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ ने गुरुवार को विद्या नगर स्थित अग्रवाल भवन में श्रद्धा व उत्साह से माधवी जयंती मनाई। इसमें संस्था की सदस्यों ने देवी माधवी लक्ष्मी व अग्रसेन महराज पर आधारित भक्तिमय भजन गाए। इसके बाद माता को चुनरी अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन, माता माधवी एवं माता लक्ष्मी की पूजन, वंदना एवं प्रार्थना से किया गया। इसके बाद माता लक्ष्मी, महराजा अग्रसेन एवं माता माधवी का आवाहन कर भक्ति-भाव से भजनों की प्रस्तुति दी गई। भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथयात्रा के उपलक्ष्य में भी भजन गाए गए। समाज की परंपरा के अनुरूप चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। संस्था की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने बताया कि माता माधवी नाग कन्या थीं।

## दी गई आवश्यक दवाइयां व परामर्श

# बंधवा स्कूल में की गई बच्चों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक दिवसीय गहन स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का बारीकी से परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां एवं स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।

शिविर में 50 बिस्तर अस्पताल लोरमी से आए विशेषज्ञ चिकित्सा दल ने चिकित्सक अनामिका के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थियों की गहन शारीरिक जाँच की। इस दौरान 14 से 15 वर्ष के मध्य की आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु भ्प्ट की वैक्सीन लगाई गई सर्वाइकल कैंसर



एचपीवी वैक्सीन एक जीवन रक्षक टीका है जो ह्यूमन पैपिलोमावायरस से बचाता है। इसके अतिरिक्त सिकिल सेल की पहचान हेतु रक्त की जांच की गई। खण्ड चिकित्सा अधिकारी लोरमी डॉ. जीएस दाऊ ने बताया कि विद्यार्थियों का स्वस्थ रहना उनकी बेहतर शिक्षा और भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे शिविरों के माध्यम से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

विद्यालय की स्टाफ नर्स पायल सिंह ने चिकित्सा दल के साथ उत्कृष्ट तालमेल बिठाकर शिविर को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के समापन पर पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र सिंह तंवर ने स्वास्थ्य विभाग से आए सभी चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस तरह के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

## विद्यार्थियों ने जानी लाख की वैज्ञानिक खेती और कीट पहचान की तकनीक



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र हथनी के अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन में लाख उत्पादन का कार्य शुरू किया गया है। जिसका उद्धेश्य विद्यार्थियों को लाख की वैज्ञानिक खेती, इसके कीट की पहचान तथा उत्पादन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना है। महाविद्यालय के कीट विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार पटेल ने लाख लगाते हुए विद्यार्थियों को इसके जीवन चक्र, पोषक पौधों, आर्थिक महत्व तथा लाख उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उचित समय पर स्वस्थ्य लाख स्टिक लगाने से इस कीट का सफल प्रसार होता है तथा गुणवत्तापूर्ण लाख उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने स्वयं बेर के पौधों पर लाख स्टिक को लगाकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान पौध रोग विज्ञान डॉ संध्या साहू के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षक तथा द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।